शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 62 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 29 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति'

### सीजेआई चंद्रचूड़ को 600 वकीलों ने लिखा पत्र, सीजेआई को वकीलों के पत्र पर प्रधानमंत्री ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली**

**वकीलों के** चीफ जस्टिस को लिखे गये पत्र पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। सुप्रीम कोर्ट से कार्रवाई करने का आग्रह करने वाले 600 वकीलों द्वारा प्रस्तुत पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। 5 दशक पहले ही उन्होंने "प्रतिबद्ध न्यायपालिका" का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल सहित छह सौ वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शिकायत की है कि न्यायपालिका को बदनाम करने का राजनीतिक एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए हस्ताक्षरकताओं ने दावा किया कि राजनीतिक मामलों में न्यायपालिका पर दबाव बनाने, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और अदालत के आदेशों को गलत ठहराने के बेतुके तर्क दिए जा रहे हैं। इसके लिए बाकायदा एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 'व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से अदालतों को कमजोर करने और उनमें हेरफेर करने' का प्रयास किया जा रहा है और उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।



"प्रतिबद्ध न्यायपालिका" का आह्वान किया था - वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं।"

## वकीलों ने चीफ जस्टिस को लिखा- न्यायपालिका को बदनाम करने का चलाया जा रहा है राजनीतिक एजेंडा

**नई दिल्ली**

**देश के करीब** छह सौ वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शिकायत की है कि न्यायपालिका को बदनाम करने का राजनीतिक एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र लिखने वालों में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल हैं। चीफ जस्टिस को लिखे पत्र में शिकायती लहजे में कहा गया है कि राजनीतिक मामलों में न्यायपालिका पर दबाव बनाने, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और अदालत के आदेशों को गलत ठहराने के बेतुके तर्क दिए जा रहे हैं। इसके लिए बाकायदा एजेंडा चलाया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है।



गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के बयान से पहले देशभर के लगभग 600 मशहूर वकीलों ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा।

## न्यायप्रणाली पर दबाव बनाना इंडिया गठबंधन का चरित्र: भाजपा



**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सभी आईएनडीआई गठबंधन का चरित्र न्यायप्रणाली पर दबाव बनाना है। भाजपा ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन का काम झूठ बोलो, पकड़े जाओ तो विक्टिम हुड कार्ड खेलो और अगर यह भी काम न आए तो संस्थाओं पर दबाव बनाना है। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज कुछ कानूनविदों और वक्ताओं ने सीजेआई को पत्र लिखा कि कैसे कुछ राजनीतिक दल न्याय प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। न्यायिक व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस बार बार कहती है कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है लेकिन इमरजेंसी किसने लगाई थी लोकतंत्र के आवरण में भ्रष्टाचार का स्वांग रचते हैं। आज साबित हो चुका है। अपने आप को बचाने के लिए न्याय प्रणाली पर अनर्गल आरोप लगाते हैं। आईएनडीआई गठबंधन न्यायप्रणाली पर दबाव बनाने और न्यायिक व्यवस्था को बदनाम करने का बीड़ा उठा रही है। इससे चाहे पूरी दुनिया में गलत संदेश क्यों न चला जाए। इनका चरित्र उजागर हुआ है।

## एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकी साजिश मामले में चार आतंकवादियों को उम्रकैद की सजा सुनाई

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने गुरुवार को आतंकी साजिश मामले में चार आतंकवादियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चारों आतंकी प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) संगठन से संबंधित हैं।एनआईए के मुताबिक, अदालत ने जिन आतंकवादियों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई, उनमें मुख्य साजिशकर्ता कुलविंदरजीत सिंह उर्फ खानपुरिया भी शामिल है। खानपुरिया वर्ष 1990 के दशक में कनॉट प्लेस में बम विस्फोट और दिल्ली के लाल किले पर ग्रेनेड हमले सहित कई आतंकवादी मामलों में शामिल था। वह पंजाब में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश सहित कई आतंकवादी मामलों में भी वांछित था।

## राष्ट्रपति भवन में 30 मार्च को नहीं होगा गार्ड परिवर्तन समारोह

**नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न प्रदान करने के समारोह के कारण शनिवार (30 मार्च) को राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि भारत रत्न प्रस्तुति समारोह के कारण इस शनिवार (30 मार्च) को राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन में गार्ड परिवर्तन समारोह एक सैन्य परंपरा है। यह प्रत्येक सप्ताह शनिवार को राष्ट्रपति के अंग रक्षकों के एक नए समूह को कार्यभार संभालने के लिए आयोजित किया जाता है।

## सीता राम मीना को नाइजर में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सीता राम मीना को नाइजर में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मीना वर्तमान में विदेश मंत्रालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

विदेश मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विदेश मंत्रालय सीता राम मीना (2008), वर्तमान में मंत्रालय में निदेशक, को नाइजर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।

## पीएम मोदी और बिल गेट्स ने एआई से लेकर जलवायु परिवर्तन तक पर की चर्चा

**नई दिल्ली**

**माइक्रोसॉफ्ट के** सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने गेट्स को बताया कि कैसे प्रौद्योगिकी ने भारत में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कई क्षेत्रों में क्रांति ला दी है। इस बातचीत का एक प्रमोशनल टीजर गुरुवार को जारी किया गया। टीजर में बिल गेट्स बताते हैं कि कैसे भारतीय न केवल प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं बल्कि वास्तव में आगे बढ़ रहे हैं। गेट्स ने कहा, भारत जिन विषयों को सामने लाता है, उनमें से एक यह है कि प्रौद्योगिकी सभी के लिए होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में पैदा होने वाला बच्चा आई (मां) भी बोलता है और एआई भी बोलता है। मोदी ने गेट्स को पीएम के नमो ऐप पर फोटो बूथ का इस्तेमाल करके सेल्फी लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।



## हमारी सरकार अग्निवीर योजना को बंद करेगी: मल्लिकार्जुन खड़गे

देश के रक्षा मंत्री ने (बशर्ते) कहा है कि वो अग्निवीर योजना में सुधार व बदलाव करने के लिए तैयार है।

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कांग्रेस ने वादा किया है कि हमारी सरकार अग्निवीर योजना को बंद करेगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह प्रतिक्रिया दी। खड़गे ने यह भी कहा देश के रक्षा मंत्री ने (बशर्ते) कहा है कि वो अग्निवीर योजना में सुधार व बदलाव करने के लिए तैयार है। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार द्वारा लाखों देशभक्त युवाओं पर थोपी अग्निवीर योजना अब काम नहीं कर रही है। पहले तो मोदी सरकार ने हमारे लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, अब चुनाव के चलते अग्निवीर योजना में खामियों को मानने की बात की है। उन्हें हमारे देशभक्त युवाओं से पहले माफी मांगनी चाहिए।



## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 6.7 फीसदी पर



**नई दिल्ली**

**देश के आठ प्रमुख** बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार फरवरी में सालाना आधार पर 6.7 फीसदी रही है। हालांकि, इससे पिछले महीने जनवरी के संशोधित 4.1 फीसदी के मुकाबले बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि उर्वरक जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी महीने में सालाना आधार पर 6.7 फीसदी रही। हालांकि, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी के मुकाबले अधिक है, जो 4.1 फीसदी थी। दिसंबर 2023 में यह 4.9 फीसदी की दर से बढ़ी थी जबकि फरवरी, 2023 में वृद्धि दर 7.4 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी, 2024 में कोयला, प्राकृतिक गैस, सीमेंट, स्टील, कच्चे तेल, बिजली और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इस तरह कुल मिलाकर इन क्षेत्रों की उत्पादन में वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी में घटकर 7.7 फीसदी रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.2 फीसदी थी। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का योगदान 40.27 फीसदी है। आठ बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली है।

## इनकम टैक्स के रिअसेसमेंट पर रोक लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस की ओर से चार वित्तीय वर्ष के इनकम टैक्स के रिअसेसमेंट कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। जस्टिस यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाएं खारिज करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट ने चार वित्तीय वर्षों 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 के दौरान इनकम टैक्स विभाग की ओर से शुरू किए गए रिअसेसमेंट की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान कांग्रेस और इनकम टैक्स विभाग ने इस बात पर सहमति जताई कि 22 मार्च को हाई कोर्ट ने जो आदेश दिया था वो आदेश इन याचिकाओं पर भी लागू होगा। 22 मार्च को हाई कोर्ट ने कांग्रेस की तीन वित्तीय वर्ष के इनकम टैक्स के रिअसेसमेंट कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया था। खारिज याचिका में तीन वित्तीय वर्षों 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के दौरान इनकम टैक्स विभाग की ओर से शुरू किए गए रिअसेसमेंट की प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि इनकम टैक्स विभाग ने समय सीमा के बाद कार्रवाई शुरू की है।




## एलजी ने सुप्रिया की कंगना के खिलाफ पोस्ट मामले में मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, 28 मार्च (हि.स.)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट मामले में दिल्ली पुलिस कमिश्नर से विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। भाजपा नेता बांसुरी स्वराज ने उपराज्यपाल को शिकायत लिखकर श्रीनेत के खिलाफ एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। एलजी ने शिकायत को पुलिस आयुक्त को भेज दिया है और मामले की वैज्ञानिक रूप से जांच करने और यदि आवश्यक हो तो कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दिल्ली पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि वास्तव में उक्त पोस्ट किसने की थी और इस काम के लिए किसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था।

## रक्षा मंत्रालय के गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय का होगा पुनर्गठन, अधिसूचना जारी

### उभरते रक्षा विनिर्माण उद्योग को सहायता देने के लिए पुनर्गठन का फैसला

**नई दिल्ली**

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में सुधार और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) के पुनर्गठन का फैसला लिया गया है। रक्षा उत्पादन विभाग ने गुरुवार को इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसका उद्देश्य गुणवत्ता परीक्षणों की गति बढ़ाना तथा निर्णय लेने में विभिन्न स्तरों पर होने वाली अनावश्यक देरी को कम करना है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) का निगमीकरण करने के बाद अब पुनर्गठन होने से डीजीक्यूए की भूमिका भी बदलेगी।



रक्षा मंत्रालय के अनुसार आयुध कारखानों के नए डीपीएसयू में निगमीकरण करने से निजी रक्षा उद्योग की भागीदारी बढ़ी है। उभरते रक्षा विनिर्माण उद्योग को सहायता देने के लिए डीजीक्यूए के पुनर्गठन की जरूरत महसूस की गई। यह संस्थान पहले से ही रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम में सभी हितधारकों के साथ सक्रिय विचार-विमर्श के बाद विभिन्न संगठनात्मक और कार्यात्मक सुधारों का संचालन कर रहा है। पुनर्गठन होने के बाद संपूर्ण उपकरण, हथियार प्लेटफॉर्म के लिए सभी स्तरों पर गुणवत्ता में एकरूपता आएगी। साथ ही रक्षा परीक्षण और मूल्यांकन संवर्धन के अलग निदेशालय का भी गठन किये जाने की योजना है। स्वचालित और मानकीकृत आश्वासन प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के साथ इस व्यवस्था से डीजीक्यूए के साथ रक्षा उद्योग की भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। पुनर्गठित संरचना और मौजूदा कार्यात्मक सुधारों से देश में निमार्ताओं का मार्गदर्शन करने के लिए भारतीय मानकों की उपलब्धता के साथ ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न के तहत स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा मिलेगा।

# हैदराबाद से कमाकर लौटे दो युवकों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के पैतिहां गांव में बृहस्पतिवार को दो युवकों की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। दोनों कुछ दिन पहले हैदराबाद से कमाकर लौटे थे। यहां आने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई। वह गांव के ही एक झोलाछाप के यहां उपचार करा रहे थे। एक ने भोर में तीन बजे तो दूसरे ने दोपहर 12 बजे दम तोड़ दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों युवक हैदराबाद में जिसके यहां काम करते थे वहां इनको बिना भोजन पानी के रखा जाता था और पिटाई की जाती थी। इसके कारण दोनों की तबीयत काफी बिगड़ गई थी और गांव में आने के बाद मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की



जांच कर रही है।पैतिहां गांव निवासी विष्णु (19) पुत्र छोटकउ और छोटू (18) पुत्र लालजी एक माह पहले पड़ोस गांव छापर हरदोन के निवासी नूर हसन के कहने पर हैदराबाद कमाने के लिए गए हुए थे। परिजनों का कहना है यह दोनों लोग टेलीफोन के टॉवर में काम कर रहे थे। आरोप लगाया कि वहां के ठेकेदार द्वारा आए दिन इनको मारा पीटा जाता था और समय से भोजन पानी भी नहीं दिया जाता था। इसके कारण इनकी स्थित काफी खराब हो गई। विष्णु ने कुछ दिन पहले फोन पर अपने पिता से बताया था कि यहां हम लोगों को भोजन नहीं दिया जाता है और अक्सर मारा पीटा जाता है।पिता के कहने पर किसी तरह गांव के ही कुछ व्यक्तियों के सहयोग से दोनों 20 मार्च को वापस घर लौट आए। घर पहुंचने पर गांव के ही झोलाछाप द्वारा दोनों का इलाज करवा रहे थे। बृहस्पतिवार को भोर में विष्णु की मौत हो गई। दोपहर 12 बजे के करीब छोटू ने भी दम तोड़ दिया। इससे परिवार में कोहराम सा मच गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## दहेज प्रताड़ना में पति सहित चार पर मुकदमा

**बहरिया।** थाना बहरिया के ग्रामसभा बीबीपुर मजरा नया का पूरा निवासिनी मन्जू देवी ने अधिक दहेत व प्रताड़ित करने को लेकर पति समेत चार के खिलाफ लिखवाया मुकदमा। मिली जानकारी के अनुसार बीरेन्द्र कुमार यादव निवासी चक अली उर्फ गोपाली थाना फूलुपर अपनी पुत्री मन्जूदेवी की शादी लगभग तीन वर्श पूर्व उमाशंकर यादव पुत्र धर्मराज निवासी बीबीपुर मजरा नयेपूरा के साथ अपने सामर्थ के अनुसार दान-दहेज देकर किया था लेकिन शादी के कुछ ही दिनों बाद से मन्जू देवी का पति उमाशंकर अपने भाई व माता विद्या, पिता धर्मराज के साथ मिलकर और अधिक दहेज की मांग करते हुये प्रताड़ित करने लगा जिसकी जानकारी मन्जू देवी ने अपने मायके वालों को दी। उक्त प्रताड़ना को लेकर मन्जू के पिता ने ससुराली जनो से बातचीत कर समझौता करने का प्रयास किया फिर भी जब बात नही बनी तो बहरिया थाने पर लिखित तहरीर देते हुये मुकदमा पंजीकृत कराया।

## न्यूज झरोखा

### डीजे बाजे से माता -पिता को पिण्ड दान करने निकले गया स्थल



**मांडा।** हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मृत माता पिता की आत्मा की शांति के लिए गुरुवार दोपहर बाद पितृ पक्ष शुरू होने पर पुरखों के तर्पण और पिंडदान हेतु ग्रामीणों ने डीजे बाजे के साथ नचाते हुए जत्था गया स्थल के लिए प्रस्थान किए। गौरतलब हो कि गुरुवार दोपहर बाद बघौराखवासान गांव निवासी राम उजागर बिंद व राम मनी हरिजन को परिजनों ने सैकड़ो की संख्या में डीजे बाजे से नचाते हुए घर से गया स्थल जाने के लिए उन्हें बड़े धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ विदा किए ' वही मांडा क्षेत्र के विभिन्न गावों के दर्जन से अधिक लोगों ने सपत्नीक गया स्थल हेतु प्रस्थान किए ' प्रस्थान करने वालों को डीजे व बैंड बाजे के साथ घर परिवार व नाते रिश्तेदारो ने अन्न, रुपए आदि देकर गांव के बाहर तक विदा की।

### सांप काटने से हुई किसान की मौत, पोस्टमार्टम को भेजा शव



**करछना।** प्रयागराज के थाना कौंधियारा क्षेत्र के भिस्कुरी गांव निवासी तेजई (43)पुत्र रामऔतार भारतीया बुधवार की देर शाम उपड़ौर से गोबर की कंडियाँ निकाल रहे थे,तभी दाहिने हाथ में सांप ने काट लिया।इसकी जानकारी परिजनों को जैसे ही पता लगी हड़कंप मच गया।उसकी चीख सुनकर परिजन दौड़े तो सांप भाग निकला।परिजन आनन फानन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल के लिए गए,जहां उसे शहर के लिए रेफर कर दिया गया।बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही पत्नी,बेटियां और बेटा बिलखने लगें।मृतक की दो बेटियां औ? एक बेटा के सिर से पिता का साया छिन गया।पत्नी गीता रोते हुए बेहोश हो गई।गुरुवार की शाम शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को दे दिया गया।

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कोरांव।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित अभियुक्त सुभाष सिंह पुत्र जगतधारी सिंह निवासी नेवढ़िया 42 को उम्र 32 वर्ष को ग्राम पचेड़ा नहर हेड के पास हिरासत में लिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह कांस्टेबल प्रभाकर सिंह कांस्टेबल योगेंद्र कुमार मौजूद रहे ।

### आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का प्रतीक है होली - रामचंद्र शुक्ल



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के दिघिया गांव में सोमवार को रामचंद्र शुक्ल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं अवाड़ा एनर्जी ग्रुप के निदेशक जय शुक्ल के आवास पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर होली खेली। इस दौरान एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली पर्व की बधाई दी। जय शुक्ल ने कहा कि होली पर्व भाईचारा और समरसता का त्योहार है। हम सभी को होली के त्यौहार पर सारे गिले शिकवे भूलकर एक दूसरें को गले लगाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत के पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के प्रतीक हैं। इस दौरान मौजूद लोगों ने एक-दूसरें के गाल पर रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभाकामनाएं दी। होली के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### झूसी पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार



**झूसी।** क्षेत्र की पुलिस ने अभियान चलाकर गुरुवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसओ झूसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि माननीय न्यायलय एससीजेयम 5 की ओर से जारी वारंट पर गुरुवार को राधेश्याम (51) पुत्र जोकई रामपाल उम्र व देवेन्द्र पाल (26) पुत्र राधेश्याम निवासीगण ग्राम राजूपुर थाना झुंसी जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी चमनगंज, उ0नि0प्र0 अंकित, उ0नि0प्र0 नवनीत व . का0 अभिषेक सिंह, थाना झूसी कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल थे।

# पीजीसी एग्रो किसान संस्था से देश के किसान होंगे लाभान्वित

अखंड भारत संदेश

**शान्तिपुरम बैठक मे किसानों के सहयोग में संस्था के सदस्यों ने लिया निर्णय**

**फाफामऊ।** भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां किसान हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा और हमारे पेट की भूख मिटाने हेतु अनाज पैदा करता है सरकार किसानों के लिए तरह-तरह की योजनाएं निकाल कर उन्हें लाभान्वित करने की योजना पर कार्य कर रही है माननीय प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से एफपीओ के माध्यम से किसानों को एफपीओ संगठन का सदस्य बनाकर उन्हें आर्थिक तरीके से मजबूती प्रदान करने की योजना बनाई है। जिस पर पीजीसी एग्रो किसान पी0सी0 लिमिटेड के सदस्यों ने मंगलवार को शान्तिपुरम स्थित कार्यालय पर किसानों को आर्थिक तरीके से मजबूती प्रदान करने हेतु देश के किसानों के सहयोग में अपनी भूमिका निभाने का निर्णय लिया है संस्था के संचालक आर0 के0 प्रजापति ने बताया कि हमारी संस्था किसानों के सहयोग में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका सहयोग करने के लिए तत्पर है संस्था संपूर्ण उत्तर प्रदेश के साथ-साथ संपूर्ण भारत के प्रत्येक जनपदों के हर गांव के किसानों को संस्था के सदस्य के रूप में जोड़कर उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान करने में उनका सहयोग प्रदान करेगी एवं पोर्टल के माध्यम से उनका सहयोग करेगी एवं किसानों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने और उनके बच्चों व महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से उनका सहयोग करेगी। इस मौके पर संस्था के संचालक आर0 के प्रजापति सुदामा देवी सत्य प्रकाश श्रीवास्तव अजय कुमार श्रीवास्तव राज कुमार प्रजापति लेख नारायन सिंह दिलीप सिंह बलवन्त सिंह रंजना श्रीवास्तव समेत संस्था के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जसरा के सभी शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न





**आगामी चुनाव को लेकर बूथ के कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख है तैयार-भोला नाथ तिवारी**

**जसरा।** भाजपा जसरा मंडल के सभी शक्ति केंद्रों की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने की। उन्होंने बताया कि जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, विधान सभा प्रभारी भोला नाथ तिवारी और मंडल प्रभारी राजू सिंह पटेल, विधान सभा विस्तारक अमन मिश्रा ने कार्यकताओं से रूबरू होते हुए उनका हाल जाना। और बताया की आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं उनका सम्मान सिर्फ भाजपा ही करती है। उमापुर में कमलेश त्रिपाठी, परसरा में जगत नारायण शुक्ला, रिंगवा में नीरज केसरवानी, जसरा में भूपेंद्र पाठक, रेरा में अभिषेक शुक्ला, बुदावा ने प्रीतम केसरवानी, बारा में अवध बिहारी मिश्रा, ने प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते हुए बूथ पर एक एक कार्यकताओं से वार्ता की, सभी शक्ति केंद्रों पर मंडल अध्यक्ष अपने दोनो महामंत्रियों के साथ मौजूद रहे। जिसमे प्रमुख रूप से सुरेश मिश्रा, अशोक तिवारी, अंबुज त्रिपाठी, शिवाकांत तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदेश्वर नाथ त्रिपाठी, शशिकांत पांडेय, दीप चंद्र गुप्ता, आशीष सोनकर, राम केसरवानी, अरूण मालवीय, राहुल पाल, कौशलेश, रोहित, प्रवीण मालवीय, विमल, अखिलेश त्रिपाठी, अर्जुन विश्वकर्मा, शैलेंद्र, निधिस पाठक, शनि भारतीय, बुद्धि प्रकाश द्विवेदी, सूर्य भान सिंह, सभी शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी व बूथ अध्यक्ष सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण रक्षा जीवन रक्षा विषयक रैली संगोष्ठी आयोजित कर किया जागरूक

**छात्रों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर किया पुरस्कृत**

**नैनी।** नैनी पर्यावरण निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला योजना 2023-24 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रयागराज एवं रामा सृजन जन कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान मे उच्च प्राथमिक विद्यालय मवैया कला (1-8) चाका प्रयागराज मे गुरूवार के दिन पर्यावरण रक्षा जीवन रक्षा विषयक रैली, संगोष्ठी एवं चित्र कला एवं भाषण प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।कार्यक्रम मे पर्यावरण मे प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव







को दर्शित करते हुए वृक्षों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम मे प्रधानाचार्या विधू पांडेय ने प्लास्टिक को समाज से दूर रखने हेतु बच्चो को प्रेरित किया साथ ही समाज को प्रदूषण से बचाने हेतु विभिन्न उपाय बताये। रामा श्रृजन- जन कल्याण संस्थान के सचिव ओम प्रकाश मिश्र ने कहा की जीवन प्रक्रिया चलने हेतु पर्यावरन संतुलन आवशयक है। वृक्ष हवा को साफ तथा वातावरन को ठंडा रखते है अतः आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाए. कार्यक्रम मे सभी विजई प्रतिभागियो को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुड़िया सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे में मुख्य रूप से रीता सिन्हा, इति शुक्ला, आकृति सिंह, महेंद्र बहादुर सिंह ,छाया सिंह, पूजा सिंह, कपिलेश्वर सिंह, मीना यादव, नीलम त्रिपाठी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## 60 रेल सेवक हुए सेवानिवृत्त

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे से 28 मार्च 2024 को 60 रेल सेवक सेवानिवृत्त हुए। इन सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में से श्री सुरेन्द्र कुमार यादव, श्री उमेश कुमार सिंह, श्री भगवत प्रसाद, श्री गुरु प्रसाद, रमेश लाल गुप्ता एवं श्री सुशील कुमार वर्मा को सुरक्षित ट्रेन संचालन हेतु ह्यएक्सीडेंट फ्री अवार्डह्न से सम्मानित किया गया। इस माह सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को कुल लगभग 15,68,61,947 रूपए का समापन भुगतान नियमानुसार डिजिटल माध्यम से किया गया। प्रयागराज मंडल कार्यालय के मंडल सभागार में मण्डल कार्मिक अधिकारी श्री के एल जयसवाल द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को समापन भुगतान से संबंधित समस्त प्रपत्रों के साथ स्मृति चिन्ह के रूप में गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मैडल सम्मान सहित सौंपा गया। मंडल कार्मिक अधिकारी श्री के. एल. जायसवाल द्वारा सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले भुगतान, मानार्थ पास, की सुविधाओं के विषय में जानकारी प्रदान किया गया क मण्डल कार्मिक अधिकारी महोदय ने सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को रेल सेवा में उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके आगामी पारिवारिक जीवन में स्वस्थ एवं सक्रिय रहने की कामना कौ कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग की टीम ने अथक परिश्रम करते हुए इस कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न किया।

# 4 लोगों पर 20 लाख रंगदारी का मुकदमा दर्ज

**महिला को कार में खींचने की कोशिश, असलहा सटाकर पैरवी से रोका**

**प्रयागराज।** कचहरी के वकील समेत चार लोगों के खिलाफ 20 लाख की रंगदारी मांगने का केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि उसे रास्ते में रोक जान से मारने की धमकी देकर कार में खींचने की कोशिश की गई। तमंचा सटाकर मारपीट की गई। मामला नूरुल्ला रोड स्थित लाखों कीमत के एक मकान से जुड़ा है। करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।करेली थाना क्षेत्र के गंगागंज की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रणविजय सिंह, मो. आसिफ आदि ने नूरुल्ला रोड स्थित मकान का धोखाधड़ी कर एग्रीमेंट करा लिया है। मामले में करेली थाने में मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उसी केस की पैरवी की वजह से उसे धमकी दी जाने लगी। आरोप है कि 15 मार्च को महिला अपने पति के साथ घर जा रही थी तभी रात 11.20 बजे स्विफ्ट डिजायर कार सवारों ने मनोहर दास बगिया के पास उसे रोक लिया।

**तमंचे से हमला करने का आरोप**

रणविजय सिंह, मो. आसिफ, जमाल टोपी और वसीम रसूलपुर जान से मारने की धमकी देकर कार में खींचने लगे। पैरवी बंद नहीं की तो मार देंगे। धमकी दी गई कि मुकदमे की पैरवी बंद कर दो नहीं तो पति को मारकर फेंक देंगे। जमाल ने तमंचा सटा दिया और महिला से बदतमीजी करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। महिला से कहा गया कि 20 लाख रुपए रंगदारी दो और मुकदमे की पैरवी बंद कर दो। महिला का कहना है कि उस वक्त रंगदारी की पेशगी के तौर पर 18 हजार रुपए देने पर जान छूटी। जमाल और वसीम पर आरोप है कि वह तमंचे की बट्ट से महिला के पति पर वार कर निकल भागे। महिला का कहना है कि प्रयागराज पुलिस माफियाओं पर युद्ध स्तर पर कार्रवाई कर रही है इसलिए हिम्मत कर एफआईआर कराने पहुंची। करेली पुलिस ने रणविजय सिंह, मो. आसिफ, जमाल टोपी, वसीम रसूलपुर पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते मेजा में बेखौफ संचालित हैं अबैध क्लीनिक एवं अस्पताल

अखंड भारत संदेश




**मेजा।** स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते इन दिनों मेजा क्षेत्र में संचालित अवैध क्लिनिक एवं हास्पिटल संचालक जहां बेखौफ होकर इलाज के नाम पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वहीं बदलते मौसम में बीमार पड़े मरीजों के साथ जमकर लूटखसोट किए जाने का भी मामला प्रकाश में आया है किन्तु स्थानीय सीएचसी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि गांवों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलने पर ग्रामीण इन क्लिनिकों अथवा अस्पतालों में अपना इलाज करवाते है। ऐसे में कई बार ये झोलाछाप बिना बिग्री के डाक्टरों से मरीजों के जान जाने का खतरा भी बन जाता है। इन दिनों मौसम परिवर्तन होने के साथ ही वायरल बुखार, जुकाम सहित अन्य बीमारियों के मरीजों में बढ़ोतरी हुई है। गांवों में चिकित्सा सुविधा की कमी होने के कारण क्षेत्र में कई अवैध क्लिनिक, हास्पिटल खुले हुए हैं जो मरीजों से इलाज के नाम पर मनमाफिक फीस वसूलकर उनका इलाज कर रहे हैं। ऐसे में अगर कोई गलत दवाई देने से तबीयत ज्यादा खराब हो जाती है, तब उन्हें बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में इन अवैध क्लिनिकों एवं हास्पिटलों पर दिनभर मरीजों की भीड़ लगी रहती है। मेजा तहसील सहित मेजा रोड, सिरसा, उरुवा, रामनगर, ऊंचडीह बाजार, सोनार का तारा मांडा आदि बाजारो में इस प्रकार की क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोरों कि भरमार है जहां पर फर्जी तरीके से यह गोरखधंधा सीएचसी अधीक्षकों की सह पर फलफूल रहा है। अगर देखा जाए तो गांवों में नीम हकीमों का तगड़ा नेटवर्क मेडिकल स्टोर की आड़ में अपने आप को डॉक्टर बताकर फर्जी क्लीनिक , हास्पिटल खोल रखे हैं, यहां पर मरीजों का न सिर्फ इलाज किया जाता है बल्कि उनका आपरेशन भी कर दिया जाता है। कई बार तो यह क्लिनिक एवं हस्पताल संचालक गांव गांव में जाकर मरीजों का उपचार करते है। इस दौरान मरीजों से मोटी फीस वसूली जाती है। यह लोग न तो कोई पर्ची पर दवाई लिखते है और न ही इलाज के लिए कोई प्रमाण छोड़ते है। ऐसे में अगर मरीज की सेहत पर कोई असर पड़ता है तो अपने हाथ खींच लेते है। बिना सबूत के इन पर कोई कार्रवाई भी नहीं होती है। मरीजों को देते है हैवी डोज दवाइयां सामान्य सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों को एंटीबायोटिक के साथ संबंधित दवाइयों के कंबीनेशन का हैवी डोज दिया जा रहा है। इसका मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। अनजान लोगों को इसका पता ही नहीं चलता है और कई बार तो इसके साइडइफेक्ट भी देखने को मिले है। ऐसे अवैध क्लिनिकों व अस्पतालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। गांवों व छोटे कस्बों में जगह जगह मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लिनिक, हास्पिटल चलाए जा रहे है। चिकित्सा विभाग के साथ साथ सीएचसी के अधीक्षकों को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हाल ही में उरुवा बाजार में डा बंगाली द्वारा गलत इलाज किया गया था । उसके बाद चिकित्सा विभाग ने हरकत में आकर उस अस्पताल को सीज किया। क्या चिकित्सा विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ऐसे यदि समय रहते मेजा क्षेत्र में फर्जी क्लीनिक, हॉस्पिटलों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई कर सीज नहीं किया तो मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने व मरीजों की जेबों पर खुलेआम डाका डालने वाले इन अवैध क्लीनिक एवं अस्पताल संचालकों का गोरखधंधा चलता रहेगा और मरीजों की असमय जान जाती रहेगी।







# नैनी के फूलमंडी में चला पीडीए का बुलडोजर

## पीडीए की ध्वस्तीकरण टीम नैनी के फूलमंडी पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के फूलमंडी में पीडीए की ध्वस्तीकरण टीम पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ध्वस्तीकरण टीम ने गुरुवार को नैनी के फूलमंडी के एक मकान में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद वहां बवाल हो गया। आरोप है कि टीम के लोगों ने भवन स्वामी के पुत्र की पिटाई कर दी। हंगामा के बीच पुलिस से भी नोंकझोंक हुई। बाद मे भवन स्वामी को पकड़ लिया गया। हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया। गुरुवार को पीडीए की ध्वस्तीकरण टीम नैनी के फूलमंडी पहुंची तो लोगों में हड़कंप मच गया। पीडीए का जेसीबी रमेश सोनी के मकान पर चलने लगा तो उसने इसका विरोध किया। देखते ही देखते वहां हंगामा हो गया। रमेश के बेटे गिरीश की पिटाई कर दी। पुलिस से भी नोंकझोंक हुआ। इससे वहां अफरातफरी मच गई। बाद में भवन स्वामी रमेश को पुलिस ने गाड़ी मे बैठा लिया। हालांकि बाद मे उसे छोड़ दिया गया। मामले में रमेश ने बताया कि एक दिन पहले अधिकारी आए थे। उनसे बता दिया था की वह अपना मकान खुद तुड़वा रहे हैं। एक मंजिल तुड़वा भी लिया। होली के कारण काम बंद करा दिया। तीन दिन बाद तुड़वा लेंगे। आज आए और जबरन मकान तोड़ने लगे। इससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। उसके बेटे गिरीश सोनी की पिटाई भी किया गया। इस संबंध में पीडीए के जेई कुंवर आनंद सिंह ने बताया कि चौड़ीकरण को लेकर कार्रवाई की गई। लड़के की पिटाई नहीं की गई। वह खुद गाली दे रहा था। बाद में उसने कहा कि तीन दिन में तोड़ लेंगे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल, सक्षम एप, सीविजिल एप सहित अन्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी**

**प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य**



**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सुविधा पोर्टल, सक्षम एप, सीविजिल एप सहित निर्वाचन आयोग के अन्य दिशा-निदेर्शों के बारे में विस्तार से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रकार की अनुमति हेतु ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार से ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है, बिना अनुमति लिए यदि चुनाव प्रचार से सम्बंधित कोई कार्यक्रम किए जाते है या वाहन का प्रयोग किया जायेगा, तो वह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। किसी भी प्रकार की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जायेंगे। इसी तरह से सीविजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोटिंग सीविजिल एप पर की जा सकती है। शिकायत दर्ज होने पर शिकायत की त्वरित जांच की जायेगी तथा उस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही भी की जायेगी तथा 100 मिनट के भीतर सम्बंधित को सूचित भी किया जायेगा। इसी तरह से वोटर हेल्प लाइन, केवाईसी, सक्षम एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह सम्पन्न




**फाफामऊ।** 101 आर ए एफ के प्रांगण में रंगों का त्योहार 'होली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होलिकोत्सव के पावन अवसर पर वाहिनी के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, जवान एंव उनके परिवार जनों ने मिलकर होली मनाई। होली के शुभ अवसर पर ही दिनांक 24 मार्च को वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौत्तम द्वारा होलिका दहन किया गया, तत्पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रंगों का यह त्योहार बसंत के आगमन और शरद ऋतु के अंत का प्रतीक है, यह बुराई पर अच्छाई की जीत को उत्साह से मनाने का त्योहार है। होली मिलन समारोह पर अधिकारियों एंव जवानों ने साथ मिल कर होली खेली तथा उपस्थित जन समूह को रंगों के त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी व कामना की, कि आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे का प्रतीक यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में खुशियों के हर रंग लेकर आए। उक्त अवसर पर पुनर्वसु तिवारी, (द्वि०कमानअधि०) विनोद कुमार (उप० कमा०), बृजेश कुमार दुबे (उप० कमा०), टी. एन सिंह (उप०कमा०), अन्य अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# मुम्बई पुलिस ने झूंसी से पकड़े हत्या के आरोपी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी के हवेलिया में पहचान छिपा कर महीने भर से रह रहे थे दो आरोपी**

**झूंसी।** स्थानीय पुलिस के सहयोग से मुंबई क्राइम ब्रांच ने बुधवार को झूंसी के हवेलिया में पहचान छुपा कर रह रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर मुंबई ले गई बताया जाता है कि महीने भर पहले नई मुंबई में एक दंपति पर जानलेवा हमला हुआ था जिसमे पति की मौत हो गई थी। हत्या का मुख्य आरोपी अरविंद सोढ़ा अपने एक साथी के साथ झूंसी छिपा था। नवी मुंबई के नेरुल गांव सेक्टर 20 में मेट्रो के ठेकेदारी के विवाद में 13 फरवरी को चिराग लोके व उसकी पत्नी प्रियंका चिराग लोके पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था लोहे की राड से पीट-पीट कर पति-पत्नी को अधमरा कर आरोपी फरार हो गए थे इलाज के दौरान चिराग लोके की मौत हो गई। हत्या में वांछित अरविंद सोढ़ा व चिराग लोके अच्छे दोस्त थे। दोनों की दोस्ती जेल में हुई थी। अरविंद सोढ़ा हत्या के बाद अपने एक साथी के साथ झूंसी के हवेलिया में किराए के कमरे में रह रहा था। उसने मकान मालिक को बताया था कि वह दोनों माघ मेला में घूमते आए हैं। सर्विलांस की मदद से मुंबई क्राइम ब्रांच को दोनों की लोकेशन प्रयागराज की झूंसी में मिली बुधवार को झूंसी छतनाग चौकी इंचार्ज कपिल चहल के साथ मुंबई क्राइम ब्रांच के पीएसआई सचिन बराते, प्रशांत कुम्भार, हेड कांस्टेबल आतिश कदम, विशाल सावरकर ने नई मुंबई निवासी अरविंद सोढ़ा व पालघर महाराट्र निवासी सत्यम रविन्द्र तिवारी उर्फ पगला को गिरफ्तार किया।







# भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ नीबी गांव में होली मिलन समारोह

अखंड भारत संदेश

**समारोह में उपस्थित हुए कई माननीय व अधिकारी**

**प्रयागराज।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नीबी गांव में होली मिलन समारोह संपन्न किया गया जिसमें काफी संख्या में ग्रामवासी व अधिकारी उपस्थित हुए । बताते चले कि यह होली मिलन समारोह नीबी गांव के माने जाने नेता पवन द्विवेदी जी के यहां मनाया गया है। होली मिलन समारोह में क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी भी पहुंचे जहां पर क्षेत्र के माने जाने नेता पवन द्विवेदी जी ने उनका स्वागत किया। बता दे की पवन द्विवेदी जी के व्यवहार से ग्रामवासी ही नहीं जिले के कई नामित व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। होली मिलन समारोह में पहले से ही होली के गीतों के साथ कार्यक्रम चल रहा था तथा एक से बढ़कर एक होली के गीतों को कार्यक्रम में आए हुए लोगों ने सुनाया। इसी बीच कार्यक्रम के दौरान लोगों के आग्रह पर पवन नेता के नाम से मशहूर पवन द्विवेदी जी ने भी होली के गीतों को प्रस्तुत किया जिसकी सराहना ग्रामवासी व आए हुए सम्मानित नागरिकों ने की। अंत में क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने भी क्रियायोग के शब्दों में होली के महत्व को समझाया। इसके उपरांत स्वामी जी अपने समस्त साधकों के साथ आश्रम को रवाना हो गए।

### चार पहिया वाहन खड़ी करने को लेकर मारपीट में घायल युवक की मौत

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर चौकी अंतर्गत अकबरपुर सल्लाहपुर गांव में चार पहिया वाहन खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मारपीट में एक युवक गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल युवक को इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक के मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद सल्लाहपुर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मोहम्मद इशरत पुत्र स्व0 अब्दुल गफ्फार का आरोप है कि वह अपनी चार पहिया वाहन दरवाजे के सामने ग्राम समाज की जमीन में खड़ी कर दिया इसलिए गांव के शमसीर अहमद पुत्र स्व0 मंजूर अहमद अपने दो पुत्र मो0 अमीर एवं मो0 अमीन एवं तीन अज्ञात लोगों के साथ प्रार्थी के चार पहिया वाहन में ईंट - पत्थर मारकर तोड़फोड़ करने लगे। इस दौरान प्रार्थी का भतीजा मोनू पुत्र अनवार अहमद आया तो उपरोक्त लोगों ने अस्तुरा से मोनू के गर्दन पर प्रहार कर दिए जिससे मोनू गंभीर घायल हो गया इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मोनू की मौत हो गई है।

# प्रयागराज एक्सप्रेस की बादशाहत बरकरार, कमाई में नंबर वन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ( एनसीआर) की वीआईपी ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस की बादशाहत वर्ष 2023 में भी कायम रही। कमाई के हिसाब से प्रयागराज एक्सप्रेस बीते वर्ष नंबर वन रही। इस दौरान ट्रेन से रेलवे को एक वर्ष में 83.53 करोड़ रुपये की आय हुई। वहीं दूसरे स्थान पर प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस रही। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मंडल से कुल 76 जोड़ी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत होती है। जबकि यहां से 250 जोड़ी से ज्यादा ट्रेनें दूसरे जोन की गुजरती हैं। अभी हाल ही में जारी हुए आंकड़ों के हिसाब से फिलहाल कमाई के हिसाब से एनसीआर की नंबर वन ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस ही है। जनवरी से दिसंबर 23 की अवधि में प्रयागराज एक्सप्रेस में 11.27 लाख यात्रियों ने सफर किया।इस दौरान रेलवे को 83.53 करोड़ रुपये की आय हुई। यहां से नई दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस में 42.61 करोड़ रुपये एवं वहां से आने वाली ट्रेन से रेलवे को 40.92 करोड़ रुपये की आय हुई। वर्ष 2022 में रेलवे को प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस से 40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।बता दें कि प्रयागराज एक्सप्रेस का संचालन पहली बार 39 वर्ष पूर्व 16 जुलाई 1984 में हुआ था। कोरोना काल को छोड़ दिया जाए तो इसके निरस्त होने के मौके भी अन्य ट्रेनों की तुलना में काफी कम हैं। यहां से दिल्ली जाने वाले अधिकतर लोग प्रयागराज को तरजीह देते हैं। वर्तमान समय में इस ट्रेन की प्रतिदिन की औसतन कमाई 22.73 लाख रुपये की है।

### कमाई में टॉप फाइव से कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस बाहर

कोरोना के पूर्व कमाई के हिसाब से एनसीआर में कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस पहले नंबर पर थी, लेकिन अब शताब्दी टॉप फाइव से भी बाहर हो गई है। वर्ष 2022 में कानपुर शताब्दी कमाई के हिसाब से चौथे नंबर पर थी, लेकिन अब वह छठे स्थान पर आ गई है। वर्ष 2023 में कानपुर शताब्दी से 46.44 करोड़ रुपये की कमाई हुई। वहीं सप्ताह में चार दिन चलने वाली प्रयागराज- नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस अब दूसरे स्थान पर है।हमसफर एक्सप्रेस ने वर्ष 2023 में 56.39 करोड़ रुपये की कमाई की। इसी तरह तीन दिन आनंद विहार जाने वाली हमसफर ने 40.50 करोड़ रुपये की कमाई की। अगर इन दोनों हमसफर एक्सप्रेस के कमाई के आंकड़े. को जोड़ लिया जाए तो वह 96.89 करोड़ हो जाएगा। इस हिसाब से हमसफर कमाई के मामले में प्रयागराज एक्सप्रेस से आगे हो जाएगी, लेकिन इन दोनों ही ट्रेनों के नंबर एवं गंतव्य स्टेशन अलग हैं, इस वजह से दोनों को अलग-अलग ट्रेन माना जाता है।

### युवती का वीडियो बनाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, जमकर हुई मारपीट

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित बार में डांस कर रहीं युवतियों का वीडियो बनाने को लेकर बुधवार देर रात दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। सूचना पर फोर्स लेकर पहुंचे एसीपी सिविल लाइंस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। देर रात तक उनसे पूछताछ जारी थी।सिविल लाइंस में विशाल मेगा मार्ट के पास तीन मंजिला भवन में मुक्तानंदम बैंक्वेट हॉल है। इसी भवन में तीसरी मंजिल पर बार का संचालन किया जाता है। बुधवार की रात यहां मुट्ठीगंज के रहने वाले दो परिवार पार्टी मनाने पहुंचे थे। रात 11 बजे के करीब एक परिवार की कुछ युवतियां डांस कर रहीं थीं। आरोप है कि इसी दौरान कहां मौजूद कुछ युवक उनका वीडियो बनाने लगे। युवतियों के परिवार के एक युवक ने विरोध किया तो गालीगलौज शुरू हो गई और फिर वहां मारपीट होने लगी।इसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जानकारी पर बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के सदस्य भी जुट गए। सूचना मिली तो एसीपी सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए और मौके से तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए युवक भी मुट्ठीगंज के रहने वाले हैं। देर रात तक उनसे सिविल लाइंस थाने में पूछताछ जारी थी। एसीपी ने बताया कि फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### अपार्टमेंट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**प्रयागराज।** सहायक नोडल अधिकारी पी एन सिंह के निर्देशन में गुरूवार को संगम अपार्टमेंट सोहबतियाबाग में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिये अभियान चलाया गया।इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे और मतदान के महत्व को रेखांकित किया। लोकतंत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वीप के सदस्य हसबीन अहमद ने लोगों को बताया कि वोट देना उनका मौलिक अधिकार है और इसी से एक निष्पक्ष, स्वतंत्र सरकार का निर्माण किया जा सकता है।ध्रुव नाम के एक युवा मतदाता ने कहा कि वह पहली बार वोट देंगे और इस बात को लेकर वह बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह 25 मई के दिन घर से अवश्य निकलें और वोट करें।अंत में स्वीप के नगर प्रभारी अनुपम परिहार ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलवाई और लोगों से अपील किया कि वह पूरे अपार्मेंट के लोगों को 25 मई को बूथ पर ले जाने और वोट करने के लिए प्रेरित करें और स्वयं भी वोट करें। इस अवसर पर अरविंद गौतम, देवेंद्र कुमार सिंह, जसवंत सिंह, उषा इत्यादि उपस्थित रहीं।

### सूचना

मैं मोहम्मद फरहत अजीज पुत्र अजीम मुकर्रम निवासी 18 जेड/ 18 सी करामात की चौकी जमीर नगर करेली इलाहाबाद है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम फरहत अजीज मोहम्मद दर्ज है जो गलत है। मेरा सही नाम मोहम्मद फरहत अजीज है, तथा मेरे आधारकार्ड संख्या 987424012414 में मेरा सही नाम मोहम्मद फरहत अजीज है तथा आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

# मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षित करें: सीडीओ

## दो दिवसीय मास्टर टेट्रनर्स प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी सभागार में हुई प्रारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में 28 एवं 29 मार्च 2024 को दो दिवसीय मास्टर टेट्रनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी के सभागार मं प्रारम्भ हुई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि सभी मास्टर टेट्रनर्स पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण को प्राप्त करें ताकि वह सभी मतदान कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षित कर सके और निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में



प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते सीडीओ नवनीत सेहारा।

अपना विशेष योगदान दे। उन्होने बीच-बीच में मास्टर टेट्रनर्स से ईवीएम एवं सामान्य मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ कर सही उत्तर प्राप्त किये और संतुष्ट हुये। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बान्धित विशेष बिन्दुओं पर पावरप्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा सुपर मास्टर टेट्रनर डा0 मोहम्मद अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया से लेकर अंत तक दिखाई गयी और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी मास्टर टेट्रनर्स की 35 नम्बर की एक बहुविकल्पीय परीक्षा भी सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेट्रनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीश एवं एआरपी धर्मेन्द्र कुमार ओझा रहे। टेक्निकल मास्टर टेट्रनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, डा0 विन्ध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कांपा, प्रधानाचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश शुक्ला सहित राहुल शर्मा, जेपी, नीरज मिश्रा और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हैं गुरु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका विकासखंड स्थित माडर्न पब्लिक स्कूल रामनगर भोजपुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

भ्रष्टाचार का अंत एकांकी को लोगों ने खूब सराहा। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत धरती कहे पुकार के गीत पर लोग खूब झूमे। छात्राओं का डांस

## माडर्न पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

लोगों के आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्त रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक जय प्रताप सिंह ने एवं संचालन विद्याशंकर तिवारी व दीनानाथ शुक्ल ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया और कहा कि गुरु और शिष्य में भावनात्मक संबंध होता है जोकि अटूट एवं स्थाई होता है। विद्यालय एवं गुरु बच्चों के सर्वांगीण विकास के केंद्र-बिंदु होते हैं। कार्यक्रम में शनि पांडेय ,मनीष तिवारी, राकेश बहादुर सिंह, दीपेंद्र सिंह, रवि वर्मा, शिक्षिता सिंह, गुंजा सिंह, अमृता सिंह, मोनिका सिंह, शिखा सिंह, साक्षी पांडे, सौम्या पांडे एवं बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देश के सशक्तीकरण में महिलाएं सफलता के मुकाम पर: मोना

## विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को नगर के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारियां जुटाई। वहीं कैम्प कार्यालय पर पहुंची विधायक मोना का नारी जागरूकता मंच द्वारा होली को लेकर सम्मान भी किया गया।

विधायक मोना ने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि सशक्तीकरण के क्षेत्र में आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में सफलता के मुकाम पर है।

कार्यक्रम की संयोजिका अनीता गौतम, शबनम बानो, अमरावती गौतम, रीता गौतम, कल्पा वर्मा ने विधायक मोना का मंच की ओर से सारस्वत सम्मान किया। वहीं विधायक मोना ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जनता के बीच मजबूती से रखने को कहा। एआईसीसी सदस्य देवव्रत मिश्र विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर स्वाती जायसवाल, पूनम द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, वकिास मिश्र, धर्मपाल गौतम, देवी प्रसाद मिश्र, अतुल शुक्ला, भुवनेश्वर शुक्ल, हरिशंकर सरोज, पप्पू जायसवाल, दिनेश सिंह आदि रहे।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर मन मोहा

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल प्राइमरी विंग के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के लिये रिज़ल्ट, रिवाड्र्स एण्ड रिकग्निशन सेरेमनी 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ चेयरपर्सन डॉ शाहिदा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

इस अवसर पर नन्हे मुन्ने पी जी और एल के जी की शानवी, दिव्यांशी, दिशा, कृतिका, वैष्णवी, जयेश, श्रेयस और कुहु ने सरस्वती वंदना पर सुन्दर नृत्य प्रस्तउत किया।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

तदुपरान्त एल के जी की भव्यता, अनन्या, यशि, सात्विक, यशराज, अब्दुल, महक, भैरवी, पृथ्वीराज, रुद्रांश, रुद्र,अनवी, अनिका और अजमल ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसने सभी अभिभावकों का दिल जीत लिया। यू के जी के छात्र भी पीछे नहीं रहे सुन्दर ड्रेस पहनकर नीति, नित्या, उत्कर्ष, शिवानी, फ़ैज़, आयत, अयान, सभ्यता, अनुष्का, अर्पित, अक्षय एवं विराट ने भी जमकर धमाल मचाया। सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये और कुछ देर तक हाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। अब बारी थी क्लास थर्ड के बच्चों की बच्चे मन के सच्चे गीत पर सिद्धि, मध्यानिका, मानवी, श्रेया, शौर्य, आयषं सरोज, अर्नव और आयुष सिंह ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चार की अग्रता, रिद्धि, एशिता, दीप्ति, समृद्धि, गरिमा ने मोबाइल ऐडिशन पर नृत्य प्रस्तुत किया। नयी और पुरानी जेनरेशन के अंतर को कक्षा पांच के छात्र छात्राओं सुन्दर नृत्य के के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में सभी बच्चों को परीक्षा फल टाप थ्री को अकेडेमिक अवार्ड, एन्थूज़ियास्टिक लर्नर अवार्ड, एक्सेलेन्ट इफ़र्ट अवार्ड दिया गया। पी जी एल केजी और यूकेजी के बच्चों की ग्रैजुएशन सेरेमनी भी मनाई गयी। हर क्लास के एक एक छात्र/छात्रा को लीडरशिप अवार्ड,मैथ्स मास्टर अवार्ड, मैनर्स अवार्ड, आउटस्टैंडिंग इम्प्रूवमेंट अवार्ड, परफेक्ट अटेन्डेन्स अवार्ड, राइजिंग स्टार अवार्ड, और स्टूडेंट आफ़ द ईयर अवार्ड दिये गये। सोनाक्षी यादव कक्षा पांच को राइजिंग स्टार अवार्ड और अग्रता दुबे कक्षा चार को स्टूडेन्ट आफ़ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बी के सोनी ने सभी बच्चों को बधाई दी और कहा कि अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं बच्चों के साथ ये भी कड़ी मेहनत करते हैं एफ ज़ीनत मैनेजर एच आर ने बच्चों को खेल द्वारा पढ़ाने की विधा पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन मंजू मिश्रा ने किया।

# श्रीराम कथा को निकली भव्य शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर बाजार स्थित बाबा नर्वदेश्वरनाथ परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीरामकथा से पूर्व कथावाचक ज्योती किशोरी के नेतृत्व में जन कल्याण एवं क्षेत्र में धर्मानुराग बढ़ाने के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत बाबा नर्बदेश्वरनाथ शिवालय में कथावाचक द्वारा विधिविधान से पूजन अर्चन के बाद पुरानी बाजार स्थित महाकालेश्वर धाम, लालेश्वर धाम से होते हुए ओम बूढ़ेश्वर नाथ में पूजन के पश्चात वापस कथास्थल पंहुची। कथावाचक ज्योती किशोरी ने बताया कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और कलियुग में मानव कल्याण के लिए आदर्श विग्रह हैं। उनकी कथा श्रवण मात्र से मनुष्य जन्मजन्मांतर के दुःख भव पाप से मुक्त हो जाता है। कथावाचन से पूर्व आयोजक संजय शुक्ल ने कथावाचक को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और सह संयोजक उमेश तिवारी ने क्षेत्रीय लोगों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संचालन रत्नाकर त्रिपाठी ने किया। शोभा यात्रा में उदयराज तिवारी, ज्ञानप्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, प्रदीप तिवारी, राजकुमार मिश्र, शिवम दुवे, अंकित शुक्ल, जोनू शुक्ल, प्रेमशंकर पाण्डे, शिवम तिवारी, रज्जन मिश्र, बृजेश हिन्दुस्तानी आदि रहे।

# बदलाव की सुगबुगाहट को आंधी में बदल देंगे: प्रमोद तिवारी

## प्रतापगढ़ अभी भी मूलभूत सुविधाओं से है वंचितः एसपी पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी द्वारा बुलाई गई प्रेसवार्ता में कहा कि सुगबुगाहट को आंधी में बदलने के लिये हम सब एकजुट होकर पूरी ताकत लगा देंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद अपना एक भी कोई योजना लाने का प्रमाण नहीं दे सके हैं।

उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी एसपी पटेल को विश्वास दिलाया कि रामपुर खास से विधायक आराधना मिश्र मोना, रानीगंज विधायक डा0 आरके



पत्रकारवार्ता में बोलते राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

वर्मा व पट्टी विधायक राम सिंह पटेल गठबंधन प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सरकार को महंगाई, बेरोजगारी पर जबरदस्त ढंग से घेरा। पत्रकारवार्ता में मौजूद सपा उम्मीदवार एसपी पटेल ने कहा कि प्रतापगढ़ में आज भी सुविधाओं का अकाल है। मेडिकल कालेज दिखावा साबित हो रहा है। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का अकाल रहता है। प्रायः मरीज प्रयागराज रेफर कर दिये जाते हैं। आयुष्मान कार्ड धारकों से वसूली होती है। महिला

### इण्डिया गठबंधन के बैनर तले नेताओं ने दिखाई एकजुटता

कर्मचारी भी यहां सुरक्षित नहीं हैं। शहर का सीवर सिस्टम आज तक चालू नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक विकास की बात तो बड़ी-बड़ी करते हैं लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखाई पड़ता। रामपुर खास विधायिका आराधना मिश्र मोना ने कहा कि रामपुर खास से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी को अच्छी लीड मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांती सिंह ने कहा कि शिक्षा मुफ्त और अनिवार्य होनी चाहिये। इसके अलावा पूर्व विधायक नागेन्द्र यादव उर्फ मुन्ना ने कहा कि सपा सरकार में बने ट्रामा सेंटर आज बदहाल हैं। वहां कोई स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दी जा रही हैं। पत्रकारवार्ता में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव राम बरन सिंह के अलावा महादेव दुबे ने भी सरकार की कार्यकारिणी पर सवाल उठाया। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता श्याम किशोर शुक्ल, शहर अध्यक्ष इरफान अली, नीरज तिवारी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दानिश, सपा के जिला महासचिव अब्दुल जिलानी, सपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोटेदार पर अनियमितता का आरोप, जांच के निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोटेदार पर प्रधान ने खाद्यान्न वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ग्रामीणों की ओर से शिकायती पत्र दिया है। सांगीपुर ब्लाक के देवरी गांव के प्रधान सुमित कुमार दुबे ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में घटतौली की जाती है। आरोप है कि कोटेदार प्रति राशन कार्ड में राशन की घटतौली के साथ अन्त्योदय कार्ड मे भी लाभार्थियों से तीन से चार किलोग्राम खाद्यान्न की कटौती किया करता है। प्रधान के शिकायती पत्र के मुताबिक लाभार्थियों द्वारा इसका विरोध जताने पर कोटेदार द्वारा अभद्रता भी की जाती है। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने शिकायती पत्र पर पूर्ति निरीक्षक को जांच के आदेश दिये हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कृपाशंकर ओझा को प्रथम पुण्यतिथि पर अर्पित हुई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आपातकाल के प्रख्यात नायक रहे पं. कृपाशंकर ओझा की प्रथम पुण्यतिथि पर जिले के लोगों ने उनकी स्मृति को नमन कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। नगर के स्टेशन रोड पर आर्शीर्वाद परिसर में सियासी दिग्गजों के अलावा बडी संख्या में अधिवक्ताओ तथा प्रबुद्धजनों ने समाजवादी चिंतक पं. कृपाशंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृति को जिले के लिए धरोहर बताया। रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा के पिता पं. कृपाशंकर ओझा को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने में नगर के लोगों का भी तांता लगा दिखा। वक्ताओं ने प्रख्यात समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के प्रखर शिष्य रहे पं. कृपाशंकर ओझा के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए किये गये संघर्ष को याद किया। पूर्व विधायक धीरज ओझा, सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह लाल साहब, रामअचल वर्मा, शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, देवानंद त्रिपाठी,



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते जनप्रतिनिधि

ओमप्रकाश मिश्र, आनन्द पाण्डेय, अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, विनय सिंह, बीके श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, इंदुभाल मिश्र, संतोष नारायण मिश्र, शशांक भूषण सिंह, हरिशंकर सिंह हैपी, अनिल यादव, धर्माचार्य ओमप्रकाश पाण्डेय, मयंक सिंह, राजेश्वर तिवारी, जूनियर बार के अध्यक्ष रोहित शुक्ल, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र आदि रहे।

## फर्नीचर कारोबारी का हत्यारा कल्लू डान पुलिस के हत्थे चढ़ा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** फर्नीचर कारोबारी की हत्या के 25000 इनामिया मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। पट्टी कस्बे के बाईपास पर नगर पंचायत वाली रोड पर फर्नीचर कारोबारी नईम की गोली मारकर बीटेक 21 मार्च को 9.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या कर दी गई थी। इस मामले में चार आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। जबकि दो आरोपी फरार चल रहे थे। पट्टी कोतवाल आलोक सिंह स्वाट टीम के सहयोग से मुखबिर खास की सूचना पर मुख्य आरोपी स्वप्नदीप यादव उर्फ कल्लू डॉन को बीबीपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त असलह वा एक पेंट भी बरामद कर लिया। कोतवाल आलोक सिंह ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। स्वप्नदीप उर्फ कल्लू डान पर एसपी प्रतापगढ़ ने 25000 का इनाम भी घोषित किया था। गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए जिला मुख्यालय ले जा रही है।

# स्व0 दिनेश सिंह का गृह क्षेत्र कालाक़ांकर विकास से कोसों दूर

## तत्कालीन कमीशनर राजन शुक्ला के गोद लेने पर भी अब तक नही हो सका विकास

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार एक तरफ स्वच्छ भारत मिशन का अभियान चलाकर गावो के विकास के लिए लाखो रुपये खर्च कर रही है ताकि गांव मे विकास की रफ्तार दिखाई दे लेकिन ऐसा कुछ भी विकास खंड कालाक़ांकर के मोहमदाबाद उपरहार (कालाकांकर)मे नही दिखाई दे रहा है जब कि वर्ष 2017-18 तत्कालीन कमीशनर राजन शुक्ला ने उक्त गांव को गोद लिया था जिससे ग्रामीणो मे एक उम्मीद जगी थी कि चलो कमीशनर ने मेरे गांव को गोद ले लिया है अब कालाक़ांकर का विकास होगा लेकिन ऐसा कुछ भी हो सका जिससे ग्राम वासियों को मायूस होना पड़ा।

कमीशनर के गोद लेने से गांव का विकास तो नही हो सका लेकिन कागजो पर विकास होकर कमीशनर का विकास जरूर हो गया होगा क्योकि विकास के लिए जो भी पैसा आया होगा आखिर वह पैसा किधर चला गया यह पता नही चल सका जब कि कालाकांकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का गृह क्षेत्र भी है यहां के राजा महराजा ने अंग्रेजो से चांदा की लड़ाई मे लोहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त हो गये फिर भी कोई विकास नही हो सका जब कि पतित पावनी मां गंगा सुमित्रा नंदन पंत जी कुटिया, ट्रेनिंग सेंटर , इंटर कालेज व डिग्री कालेज के साथ ब्लाक मुख्यालय भी है जंहा से विकास का सफर शुरु होता है इसके बाबजूद कालाकांकर मे रोडवेज बस स्टाप भी शो पीस के रूप मे दिखाई दे रहा है जंहा से एक भी रोडवेज बस लखनऊ व प्रयागराज के लिए नही चलती इतना ही नही कालाक़ांकर बस स्टाप के बगल से शमशान घाट को जाने वाला रास्ता के साथ शव दाह गृह नही बन सका जिससे बरसात के दौरान शव का दाह संस्कार परम्परा गत से हो सके शव की अंतिम यात्रा को शरपत के बीच से लेकर गुजरना पड़ता है जो बड़ा ही सकरा रास्ता पड़ता है शव दाह गृह के न होने से बरसात मे लोगो को पानी से भीगना पड़ता है किसी तरह बरसात के बीच शव का क्रिया कर्म करते है यदि लोगो को प्यास लग जाय तो पानी के तड़प जाते है।इस बाबत जानकारी करने पर ग्राम प्रधान कुंवर मनीष सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत निधि से शव दाह के रास्ते पर मिट्टी डलवाया जिसमे खेत होने के कारण कुछ लोग विरोध करने लगे बारिश मे मिट्टी बह गई जिससे रास्ता दुर्लभ हो गया जब कि कमीशनर ने कालाकांकर को समग्र विकास के लिए गोद लिया लेकिन विकास नही हो सका।

## तालाब में डूबने से मासूम बच्ची की हुई मौत, मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के हथिगंवा थाना क्षेत्र के महेवा मोहनपुर के मंजरे मोहनपुर गांव निवासी फूलचंद सरोज की बेटी मनीषा सरोज (7) वर्षीय बीते रविवार की शाम को घर के बगल तालाब के पास खेलने गई थी काफी देर होने पर जब वापस घर नहीं लौटी तो परिजन लोग उसे ढूंढने निकल पड़े। पूरी रात खोजबीन की गई लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका दूसरे दिन सोमवार की सुबह गांव वालों ने तालाब में डूबने की आशंका जताते हुए गांव वालों की मदद से तालाब में खोजबीन की गई तो मासूम बच्ची का शव तालाब में मिला परिजन लोग ने मनीषा का शव देखते ही चीखने चिल्लाने लगे। जिसकी सूचना परिजनों ने हथिगंवा पुलिस को दी मौके पर पुलिस ने पंचनामा करके शव को पी एम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक मनीषा दो भाइयो मे सबसे छोटी थी।

## पति ने रचाई दो शादियां, पहली बीवी को पीट कर घर से भगाया

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बरहुपुर गांव की रहने वाली मालती देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति ने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी वह है जिसकी तीन बेटियां व एक बेटा भी है आरोप है कि उसका पति व ससुर आए दिन उसे मारते पीटते हैं और उसे घर से भाग जाने की धमकी देते हैं। आरोप है कि बृहस्पतिवार सुबह 8 बजे उसके पति व ससुर ने उसे जमकर मारा पीटा और उसके बच्चों की भी पिटाई कि इस दौरान उसके हाथ में दांत से भी काट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित विवाह ऐसा ने प्रति व ससुर के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ।

# मारपीट में घायल वृद्ध की मौत के मामले मे परिजनों ने दाह संस्कार करने से किया इंकार

## परिजनों के आक्रोश को देख प्रशासन मे मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र के डीहवा जलालपुर गांव मे मामूली विवाद को लेकर कहा सुनी के दौरान आधा दर्जनों गांव के दबँगो ने बीते 17 मार्च 24 की रात लाठी डंडा कुल्हाड़ी फरसा से जानलेवा हमला बोल दिया जिससे अधेड राम आसरे यादव सूदनपुर तिरक्षा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की जानकारी मिलते ही महेशगंज पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल राम सहाय यादव को उपचार के लिए एसआरएन प्रयागराज भेजा। उपचार के दौरान बुधवार को राम सहाय की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया शव के घर पहुंचते ही परिजनों मे चीख पुकार मच गयी परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर देने पर प्रशासन के हाथ पाव फूल गये और आनन फानन मे बुधवार को हत्या के आरापियों अमित सरोज पुत्र रामसहाय व अमरेश सरोज पुत्र रामसहाय को उनके घर डीहवा जलालपुर से उपनिरीक्षक जय किसुन यादव अपने हमराही के साथ गिरफ्तार किया बाकी अन्य आरोपियों की तलाश मे जुटी हुई है। परिजनों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि एक शस्त्र लाइसेंस और आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने के बाद अंतिम संस्कार करने की बात कही।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश





**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को आज उदयन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों/कार्यों बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं ईवीएम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि आपके द्वारा अपनी निगरानी में बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची एवं मतदाता गाइड का वितरण कराना सुनिश्चित किया जायेंगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को वीटीआर ऐप तथा ईवीएम के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा सभी जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके कार्यों एवं दायित्वों यथा-निर्वाचन के पूर्व के कार्य/ दायित्व-जिसके अन्तर्गत मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान केन्द्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधा सुनिश्चित कराना, मतदाताओं को जागरूक करना एवं बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची एवं मतदाता गाइड का वितरण कराना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसी प्रकार मतदान के एक दिन पूर्व एवं मतदान दिवस के दिन के कार्य/ दायित्वों के विषय में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन अधिकारी के दायित्व एवं कार्य तथा मतदान अधिकारी प्रथम/ द्वितीय/तृतीय के कार्य एवं दायित्व के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी/ प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक दिलीप कुमार द्वारा वीटीआर ऐप के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी/ प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चौकी पुलिस से डॉट कर भगाए जाने के बाद विधवा पहुंची क्षेत्राधिकारी कार्यालय

**चायल कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में 26 मार्च को अनुसूचित जाति का बालक अभिषेक कुमार पुत्र अनिल कुमार खेतों में बकरी चरा रहा था इसी बीच गांव का लवकुश सिंह पहुंचा और बकरी का बच्चा चोरी करके भागने लगा जिस पर अभिषेक ने विरोध किया विरोध से बौखलाए लव कुश सिंह ने अभिषेक को बेरहमी से पीट दिया जिससे उसे चोट आई रोते बिलखते अभिषेक घर पहुंचा और पूरी जानकारी अपनी विधवा मां सुनीता देवी को दिया जिस पर अभिषेक की मां सुनीता देवी लवकुश सिंह के घर शिकायत करने पहुंची अपने घर देखकर लव कुश बौखला गया और सुनीता को गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगा जान से मारने की धमकी देते हुए सुनीता को भगा दिया मामले की सूचना लेकर विधवा महिला सुनीता पुलिस चौकी भगवानपुर पहुंची लेकिन भगवानपुर की चौकी पुलिस ने विधवा सुनीता की बात सुनकर आरोपी पर कार्यवाही करने के बजाय सुनीता की तहरीर फेंक दी और उसे डांट डपट कर पुलिस चौकी से भगा दिया सुनीता को न्याय नहीं मिल सका जिस पर सुनीता क्षेत्र अधिकारी चायल के कार्यालय में पहुंची है और पूरे मामले को बताते हुए कार्यवाही की मांग की है अब देखना यह है कि पीड़ितों को चौकी पुलिस के भागने के मामले में क्षेत्राधिकारी चायल चौकी पुलिस पर क्या कार्रवाई करते हैं।

## घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास शिकायत के बावजूद पुलिस ने नही किया मामला दर्ज, एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया है,परिजनो का आरोप है कि शिकायत के बावजूद थाना पुलिस ने कोई कार्यवाई नही की,जिसके बाद पीड़ित परिजनो ने एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। महेवघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने एसपी से शिकायत कर बताया कि उनकी नाबालिग लड़की उम्र करीब 12 वर्ष -21 मार्च को अपनी छत पर लेटी थी। वह नीचे दुकान पर थी तभी उनकी पुत्री की कराहने की आवाज सुनाई पड़ी तब उन्होंने छत की तरफ गयी तो देखा कि रामकेश पुत्र हरी लाल उनकी पुत्री का मुह दबाकर उसके ऊपर लेटा हुआ है।जैसे ही वह उसके नजदीक पहुँची तो आरोपी रामकेश दीवाल पकड़कर नीचे उतर गया। उन्होंने जब पुत्री से पूछा तब उसने बताया कि वह गलत काम करने की नीयत से मेरे ऊपर लेटा था, वह उसी वक्त रात करीब 10:00 बजे पुत्री के साथ थाने पहुँची और थाने में लिखित शिकायत किया परन्तु पुलिस वालो ने आश्वासन देकर वापस कर दिया। घर वापस आकर दूसरे दिन जब रामकेश के घर उलाहना देने गयी तब उसका साथी सूरज पुत्र गुलटा ने उसको व उसकी पुत्री को गाली-गलौज किया शिकायत के बाद भी आज तक मामले में थाने से कोई कार्यवाही नहीं हुई उल्टा सुलह का दबाव बनाया जा रहा है।एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## विवाहिता की हत्या का मुकदमा न दर्ज होने पर एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक और विवाहिता की बलि दे दी गई, ससुराली जनो पर लगातार दहेज मांगने और दहेज नहीं देने पर मारपीट कर हत्या करने का मायके पक्ष के लोगो ने आरोप लगाया है,मायका पक्ष के लोगो का आरोप है की शिकायत के बावजूद पुलिस ने मामला नही दर्जा किया है,और जिसकी शिकायत मायका पक्ष के लोगो ने एसपी से की है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कटैया डिहवा के सराफत खान ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी बेटी सबा बानो की शादी तौसीफ पुत्र असफाक के साथ की थी,शादी के बाद से ही वह लोग एक बुलेट गाड़ी और एक लाख रुपए नगदी की मांग कर रहे थे,दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उनकी बेटी के साथ मार पीट करते थे।उन्होंने बताया कि उनकी बेटी के साथ ससुराली जनो ने उसे बहुत मारा पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। सराफत खान ने बताया की बेटी की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी शरीर पर चोट के निशान आए है लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नही किया,जिसके बाद उन्होंने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जांच कर कार्यवाई का आश्वासन दिया है।

## चोरी लूट की योजना बनाते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहम्मदपुर पैंसा पुलिस उप निरीक्षक आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया मोहनलाल सरोज पुत्र बक्का ,दिलीप सरोज पुत्र हुबलाल निवासी गण नादिन का पुरवा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी को चोरी/लूट की योजना बनाते समय उदिहिन खुर्द के पास से गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद हथौड़ी 04 अदद देसी बम व चोरी के 3800 /रु0 गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु.अ.स. 18/24 धारा 457/380/411 व मु.अ.स. 35/24 धारा 398/401/411 भादवि से संबंधित तथा मु.अ.स. 36/24 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना मोहम्मदपुर पैंसा जनपद कौशांबी में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है।

## जिला बदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिलाधिकारी द्वारा अभियुक्त रामबली पुत्र अमृतलाल निवासी खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल जनपद कौशांबी को जिलाबदर का आदेश दिया गया था मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त अपने घर आया है जिला अधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक भानु प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को उसके घर खरका फकीराबाद से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 95/24 धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडागर्दी नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया विधि कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## ट्रैक्टर की सेल्फ और बैटरी खोल ले गए चोर

**चायल कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेन्दा निवासी मेवा लाल पुत्र राम कृपाल का ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था मौका पाकर चोरों ने उसके ट्रैक्टर की सेल्फ और बैटरी खोल ली है 28 मार्च को जब मेवालाल ट्रैक्टर का टायर बदलने गया तो देखा उसके ट्रैक्टर का सेल्स और बैटरी गायब है मामले की सूचना मेवालाल ने थाना पुलिस को दिया है।

# चार माह पूर्व बनी सड़क तालाब का शक्ल लेकर बनी जानलेवा

**बीते 3 वर्षों के दौरान जिले में जितनी सड़के लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई है एक भी सड़क अपने मानक पर नहीं उतर सकी खरी**



**महेवाघाट कौशांबी।** लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि विभागीय अधिकारियों से लेकर ठेकेदारों की साठगाँठ के चलते सड़के कुछ महीने में ही खराब हो रही है सरकारी रकम पर डाका डालने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ ठेकेदारों का रैकेट सक्रिय है और इस रैकेट के जरिए सरकारी खजाने को सड़क निर्माण के झूठे ड्रामे के नाम पर लूटा जा रहा है सरकार को गुमराह करने के लिए सड़कों की मरम्मत मानक विहीन कराई जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि इतनी घटिया क्वालिटी की मरम्मत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में हो रही है कि सड़क बनने के 4 महीने में ही गड्ढे में तब्दील हो जाने के बाद भी ना तो ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाती है ना सड़क निर्माण की रकम रिकवरी कराई जाती है और ना ही ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया जाता है जिससे लोक निर्माण विभाग में ठेकेदार बेखौफ तरीके से सरकारी खजाना में डाका डाल रहे हैं और बिभागीय अधिकारी उनको संरक्षण दे कर अपना हिस्सा वसूली तक सीमित रह गए हैं बीते 3 वर्षों के दौरान जिले में जितनी सड़के लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई है एक भी सड़क अपने मानक पर खरी नहीं उतर सकी है विभाग के बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले में महेवा घाट से पश्चिम शरीरा की सड़क के घटिया निर्माण का उदाहरण पूरे लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए पर्याप्त है पश्चिम शरीरा से महेवाघाट संपर्क मार्ग में 4 महीने पहले निर्माण होने के बाद बैरमपुर के संकुल भवन के सामने यह रोड तालाब बन गयी है जानलेवा गड्ढे के चलते इस सड़क पर आए दिन लोग गिरकर चोटहिल होते है बीते 4 महीने के अंदर बनी यह रोड पूरी तरह से गयाब हो गई है लेकिन ना तो ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज कराया गया ना ठेकेदार की गिरफ्तारी कराई गयी और ना ठेकेदार से सरकारी धन की रिकवरी कराई गई जिससे विभागीय अधिकारियों के हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा जिले में इस कदर घटिया निर्माण किया जा रहा है कि सड़क बनते ही उखड़ने लगती हैं और गड्ढे में तब्दील हो जाती है लेकिन विभागीय अधिकारी ठेकेदारों के आगे घुटने टेक चुके हैं अधिकारी मीटिंग में वाहवाही लूट रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत में योगी सरकार में अधिकारियों के भ्रष्टाचार से आम जनता ऊब चुकी है आखिर मीटिंग और बयानबाजी कर कब तक भ्रष्टाचार मुक्त की बात अधिकारी कर योगी सरकार को गुमराह करते रहेंगे मीटिंग के साथ-साथ जमीनी हकीकत को देखना होगा और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार को बेनकाब कर इन अधिकारियों के कारनामे को उजागर कर शासन को पत्र लिखकर इन्हें दंडित करना होगा तभी लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार पर विराम लग सकता है इलाके के लोगों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकर्षित करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार को बेनकाब करने की मांग की है।

## ब्राह्मण ठाकुर बनिया से कितनी नफरत करते हैं कौशांबी सांसद विनोद सोनकर

**कौशाम्बी।** ब्राह्मण ठाकुर बनिया के प्रति कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के बयान बाजी को एक बार फिर सुनिए इन्होंने ठाकुर ब्राह्मण बनिया के बारे में कितनी घटिया बात कही है कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ब्राह्मण ठाकुर बनिया से कितनी नफरत करते हैं इस वीडियो को सुनकर के जान सकते हैं स्वर्ण जाति के लोगों के प्रति सांसद विनोद सोनकर के दिलो दिमाग में कितनी नफरत भरी हुई है जबकि सवर्ण समाज के लोगो ने विनोद सोनकर को जमीन से उठाकर के देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा तक पहुँचाने में अहम योगदान निभाई हैं लेकिन उसके बाद सवर्ण जाति के प्रति सांसद विनोद सोनकर की नफरत समझ से परे हैं।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 05 थाना चरवा से 06 थाना संदीपन घाट से 01 थाना सैनी से 02 कुल 14 अभियुक्त गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# राजकीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन




**कौशाम्बी।** राजकीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च को किया गया इस प्रतियोगिता को श्रीमती भारती त्रिपाठी उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य के निर्देशन व सुश्री निधी शुक्ला व डा.ए .के श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं की भूमिका बेहद सराहनीय रही जिनका हौसला प्रवक्ताओं ने बढ़ाया है और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की नसीहत दी है इस प्रतियोगिता में नोडल अधिकारी की भूमिका का निर्वाहन डॉक्टर संदीप तिवारी व डॉक्टर दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखंड से ब्लॉक स्तर पर चयनित चार विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, कुल मिलाकर 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्राथमिक विद्यालय की श्रेणी में प्रथम स्थान दीपक कुमार प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुर विकासखंड कौशांबी को मिला द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से आदर्श कुमार प्राथमिक विद्यालय नन्हुआ का पूरा विकासखंड मंझनपुर व आकांक्षा प्राथमिक विद्यालय सुरसेना नेवादा को मिला तृतीय स्थान संयुक्त रूप से सोनाक्षी जायसवाल प्राथमिक विद्यालय अदौली सरसवां व मोहम्मद हम्माद प्राथमिक विद्यालय दारागंज विकासखंड कड़ा को मिला उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्तर पर प्रथम स्थान उदय प्रताप सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर चायल द्वितीय स्थान साक्षी दिवाकर उच्च प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नेवादा को तृतीय स्थान कृष्ण कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय म्योहर कौशाम्बी कंपोजिट विद्यालय कक्षा -1 से कक्षा -5 की श्रेणी में प्रथम स्थान पर नंदिनी निषाद कम्पोजिट विद्यालय सेवढ़ा नेवादा द्वितीय स्थान पर सलोनी दिवाकर चरवा रही तृतीय स्थान मयंक कम्पोजिट विद्यालय सोहिया को मिला कंपोजिट स्कूल कक्षा- 6 से कक्षा -8 की श्रेणी में, प्रथम स्थान पर दिव्यांश मौर्य कम्पोजिट स्कूल रक्सराई विकासखंड कौशाम्बी को द्वितीय स्थान पर शुभांसी चौरसिया कम्पोजिट स्कूल पारा हसनपुर, मंझनपुर तृतीय स्थान पर हिमानी चौरसिया कम्पोजिट स्कूल पुनवार सरसवां रहे इस अवसर पर कौशलेंद्र मिश्र धीरज कुमार राजेन्द्र भारती सुरेश चंद्र मिश्र व देवेंद्र मिश्र आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## जिला जज, डीएम एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




**कौशाम्बी।** जिला कारागार कौशाम्बी का जिला जज, डीएम व एसपी कौशाम्बी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली तथा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल अधीक्षक से कहा कि जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए इसका विशेष तौर से ध्यान रखा जाए इस दौरान जिला अधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि जेल परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए जेल परिसर में कहीं गंदगी ना मिलने पाए जेल परिसर की साफ सफाई के सम्बन्ध मे संबंधित को अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश




**अजुहा कौशांबी।** लोकसभा सामान्य 2024 चुनाव के मद्देनजर पुलिस अपर अधीक्षक ने सैनी कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्र के दर्जनों पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया उन्होंने मतदान केंद्र में सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया एसएसपी अशोक कुमार वर्मा ने अझुवा, कनवार सहित अन्य मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इसके साथ ही ग्रामीण मतदाताओं से बातचीत करके मौके की जानकारी ली। ग्रामीणों को भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील किया क्षेत्र भ्रमण के दौरान पोलिंग बूथ में ग्राम प्रधान एवं जिम्मेदारों से सुरक्षा की जानकारी ली इस अवसर पर सैनी कोतवाल जेके शर्मा, अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य सहित जिम्मेदार मौजूद रहे।

## बैशकाटी गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन



**महेवाघाट कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बैशकाटी गांव में 27 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन ग्राम प्रधान संतोष सिंह के द्वारा किया गया जिसमें लोकगीत एवं फगुआ का आयोजन किया गया जिसमें तमाम ग्रामीणों ने खूब रंग गुलाल उड़कर एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया लोक गायक देशराज पटेरिया राम भवन एवं लालती देवी ने अपने गीतों के माध्यम से अबीर गुलाल उड़ाया जिसमें मुख्य रूप से रामविलास संतलाल राम हरक लालता दिवाकर एवं तमान ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बीते 4 वर्ष से खम्भा टूटा पड़ा, बांस के खंभे के सहारे हो रही विद्युत सप्लाई



**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अलवारा ग्राम में बीते 4 वर्ष से विजली खम्भा टूटा हुआ है बॉस के सहारे बिजली की सप्लाई होती है जिसमें आए दिन विद्युत करंट उतर आता है लोग विद्युत करंट का झटका खा जाते हैं ग्रामीणों के बार-बार कहने के बाद भी टूटा बिजली खंभा आज तक नहीं बदला गया जिससे किसी न किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है बीते 4 वर्ष से जर्जर तारे झूल रही है जिससे आए दिन लोग विद्युत करंट का झटका खाते हैं विभागीय लापरवाही के चलते बॉस के सहारे लगाई गई जर्जर तारे कभी बड़ी घटना को अंजाम दे सकती है 4 वर्ष पहले विद्युत तार टूटने से इसी जगह लाल सिंह की भैंस की मौत हो गई थी फिर भी विद्युत विभाग के अधिकारी नहीं जागे ग्रामीणों ने कई बार शिकायत भी किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ग्रामीणों की इस विकराल समस्या की ओर स्थानीय सांसद विधायकों ने भी जनता की आवाज बनकर पहल नहीं की है जिससे सांसद विधायकों के विकास के ढिंढोरा की हकीकत देखी जा सकती है बिजली खंभा टूटने के बाद सांसद और विधायकों ने निधि से भी बिजली के टूटे खम्भे और जर्जर तार बदलवाने का प्रयास नहीं किया है जबकि सांसद और विधायकों को क्षेत्र के जनता की समस्याओं के समाधान के लिए करोड़ों रुपए प्रत्येक वर्ष का बजट मिलता है सांसद विधायकों का बजट कहां खर्च होता है आम जनता को इस बात की जानकारी नहीं हो पाती है और उसको सांसद विधायक निधि से होने वाले कार्यों का लाभ नहीं मिल पाता है जिससे समाज के ठेकेदारों के घटिया सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## स्कूल बस के चालक ने तीन लोगों को मारी टक्कर



**भरवारी कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी कस्बे में एक स्कूल बस चालक ने तीन लोगों को टक्कर मार दिया है नशे में धुत स्कूली गाड़ी के ड्राइवर नें भरवारी नगर के पुरानी बाजार में फिल्मी अन्दाज में एक? अधेड़ सहित दो बच्चें को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे तीनों लोगों को चोट आई है टक्कर के दौरान स्कूली गाड़ी में सवार बच्चे सभी सुरक्षित है लेकिन टक्कर लगने से पटरी किनारे दुकान लगाने वाले मुश्ताक के दो बच्चे सहित पुरानी बाजार निवासी एक डाक्टर को गम्भीर चोट लगी है मौके पर आसपास के लोगों ने सभी घायलों को नजदीक के पीएचसी मूरतगंज इलाज के लिये भेजा है जहां हालात अभी नाजुक बताई जा रही है पूर्व विधायक संजय गुप्ता के केपीएस विद्यालय की गाड़ी है जो कि बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी। लोगों के मुताबिक ड्राइवर तादात से ज्यादा ही नशे में गाड़ी चला रहा था।

## होली की रात आधा दर्जन दबंगों ने जमकर मचाया उत्पात

**मंहगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगाव गांव में होली की रात 26 मार्च को गांव के कैलाश पुत्र पितई के घर में उसके चचेरे भाई पताली अपने तीन बेटों और अपने अन्य साथियों को लेकर चढ़ाई कर दिया दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया गया है जमकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई पीड़ित कैलाश दरवाजा बंद करके घर के भीतर घुस गया लेकिन आधा दर्जन लोग आधी रात को कैलाश के घर पर काफी देर तक गाली गलौज कर उत्पात मचाते रहे दबंग के उत्पात मचाने का विरोध करने का साहस ग्रामीण नहीं कर सके हैं मामले की सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

## हार्ट अटैक से किसान की मौत

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव का अरविंद साहू पुत्र स्व. कुंदन साहू खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार की सुबह वह गेंहू के खेत से सरसों काटने के लिए खेतों की तरफ गया था। खेत में बिना कुछ खाए वह पानी पी लिया जिससे उसके सीने में दर्द होने लगा। दर्द शुरू होने पर वह घर आया तो परिजनों से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी राजकुमारी पुत्री अंकिता 5 साल व दो पुत्र अंकित 6 साल और अंकुश 3 साल छोड़ गया।

# प्रशासन की निगहबानी में चल रही मौत की फैक्ट्री

**पर्यावरण और प्रदूषण की धज्जियां उड़ाते हुए फैक्ट्री से उड़ रहे जानलेवा धुआ पर नहीं हुई कार्रवाई**

**समाज के ठेकेदार सांसद विधायकों ने जनता की आवाज बनकर मौत की फैक्ट्री बंद कराने का नहीं किया है प्रयास जिससे समाज के इस ठेकेदारों की घटिया सोच का लगाया जा सकता है अंदाजा**





**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज थाना अन्तर्गत चाकवन चौराहे के आबादी के आस पास प्रशासन की निगाहबानी में मौत की फैक्ट्री बेखौफ तरीके से चल रही है इस फैक्ट्री से उड़ने वाले जहरीले धुएं से इलाके के हजारों परिवार के लोग बेचैन हो गए हैं लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं फेफड़े और हृदय रोग से ग्रसित ग्रामीण बार-बार फैक्ट्री के धुएं से निजात पाने की मांग कर रहे हैं लेकिन पर्यावरण विभाग से लेकर प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री से उठने वाले धुएं को बंद कराने के वजाए फैक्ट्री मालिकानों के सामने घुटने टेक दिए हैं जिससे गांव की जनता मौत के मुंह में जाने को विवश है नियम विरुद्ध इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा है जो भ्रष्टाचार मुक्त पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही है। छोटे-छोटे मामले में प्रदूषण और पर्यावरण की बात करने वाले बड़े-बड़े अधिकारियों को कोल तार की फैक्ट्री से उठने वाले जहरीले धुएं दिखाई नहीं पड़ रहे हैं जानलेवा धुएं के चलते हजारो लोगों का प्रतिदिन दम घुट रहा है फैक्ट्री से निकलने वाली ट्रके कई किलोमीटर तक जहरीला धुआं छोड़ती है जिस इलाके के लोग बेचैन हैं फैक्ट्री से निकलने वाले वाहनों को ढक कर नहीं रखा जाता है जिससे आबादी के बीच से निकलने वाले वाहन जहरीला धुआं छोड़ते हैं और वाहन के निकलने के समय लोग काफी देर तक बेचैन हो जाते हैं वाहनों के निकलने के बाद लोगों का सांस लेना मुश्किल होता है दम घुटने लगता है कोलतार की इस फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुएं के साथ-साथ फैक्ट्री से निकलने वाले वाहनों के जहरीले धुएं से बेचैन लोगों ने कई बार थाना पुलिस से लेकर आला अधिकारियों तक गुहार लगाई लेकिन मौत की इस फैक्ट्री को बंद कराने का प्रयास अधिकारियों ने नहीं किया है आखिर किसके अधिकार क्षेत्र से यह मौत की फैक्ट्री आबादी के आसपास चल रही है और फैक्ट्री से निकलने वाले वाहनों को कैसे जहरीले धुएं के साथ आबादी के बीच प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है यह तमाम बातें योजना से जुड़े अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रही है यदि कोलतार से उठने वाले जहरीले धुएं को जल्द नहीं बंद कराया गया तो कोलतार की फैक्ट्री से उड़ने वाले जहरीले धुएं से ग्रामीणों को मौत के मुंह में जाने से नहीं रोका जा सकता है। बीते कई महीने से स्थिति इतनी बदतर है कि ग्रामीण कोलतार के धुयें से परेशान है बीमार की स्थिति में लोगों को अब अपने परिवार की मौत दिखाई पड़ने लगी है जानकारी के अनुसार स्मैल चिमनी से धुआँ निकलने पर लगभग 500 मीटर तक जहरीला धुआं घण्टो बना रहता है जिससे लोगों को सांस लेने में भी परेशानी होती है लेकिन कोई भी अधिकारी इस मामले की सुध लेने को तैयार नहीं है नियम कानून की बात करें तो आबादी के बीच जहरीले धुएं की फैक्ट्रियां नहीं चलाई जा सकती हैं उन्हें मैदानी इलाकों में लगाया जाना चाहिए लेकिन इस मामले में नियम कानून की धज्जियां उड़ाई गई है फैक्ट्री की चिमनी की ऊंचाई भी निश्चित क्षमता से कम बनाई गई है चिमनी की निर्धारित ऊंचाई का पालन इस फैक्ट्री के मालिकानों द्वारा नहीं किया गया है चिमनी की ऊंचाई कम होने से सब्जी की फसलों व आसपास के फलदार पेड़ों पर भी इसका कुप्रभाव पड़ रहा है फासले खराब होने से किसान भी परेशान हो गए हैं चिमनी के दिन में भी जलने से वा बाजार वाले दिन भी जलने से रोड़ में निकलने वाले यात्रियों को भी सांस लेने में दिक्कत होती हैं आसपास के किसान और आबादी के लोग भी बेहद परेशान हैं बडे.बडे.डम्फर होने के कारण चौराहे पर मुडने में परेशानी होने से धुआं उगलते वाहन काफी देर तक खड़े हो जाते हैं जिससे जनता को परेशानी होती है धुँआ उगलते वाहनों के चलते आये दिन लोगों से नोकझोक होता है लेकिन उसके बाद भी पर्यावरण विभाग से लेकर प्रदूषण विभाग तक के अधिकारी मौत उगलते इस धुएं को बंद कराने को तैयार नहीं है जिससे जनता को सड़क पर उतरना पड़ सकता है और यदि जनता ने सड़क पर उतरकर आंदोलन कर दिया तो प्रशासन की मुसीबत बढ़ जाएगी इसलिए समय रहते मौत की इस फैक्ट्री को बंद कराना होगा और मौत की फैक्ट्री संचालन करने का आदेश देने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी करानी होगी आखिर उन्होंने मौत की फैक्ट्री संचालक आबादी के बीच करने का आदेश देने की जुर्रत कैसे की है मौत की फैक्ट्री के संचालन के बाबत अभी तक समाज के ठेकेदार सांसद विधायकों ने भी जनता की आवाज बनकर मौत की फैक्ट्री बंद कराने का प्रयास नहीं किया है।

## संपादक की कलम से

### भाजपा से मुकाबले के लिए इंडिया ब्लॉक में अधिकतम एकता जरूरी

कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, कांग्रेस स्वचालित रूप से गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद करती है। वह अपने नेताओं को भाजपा के हाथों खो रही है और इन नेताओं के लगातार जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी घमसान शुरू हो गया है। मतदान 19 अप्रैल को शुरू होगा और 1 जून को समाप्त होगा। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे। आखिर 2024 का लोकसभा चुनाव कौन जीतेगा?

यह एक बहुदलीय प्रतियोगिता होगी, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन और इंडिया ब्लॉक का विपक्षी गठबंधन प्राथमिक दावेदार होंगे। इस बीच, गठबंधन बनाये जा रहे हैं और प्रमुख दलों ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दल-बदल और गुप्त सौदेबाजी भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य हैट्रिक लगाना (तीसरी बार जीतना) है।

वर्तमान में, यह एक ऐसी घुड़दौड़ है, जिसमें भाजपा हावी है और विपक्षी दल पीछे चल रहे हैं। विपक्षी भारत गठबंधन में 26 दल शामिल हैं। उन्होंने भाजपा को चुनौती देने के लिए चुनाव पूर्व गठबंधन बनाया है। इसका लक्ष्य आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ अधिकतम निर्वाचन क्षेत्रों में एक साझा विपक्षी उम्मीदवार खड़ा करना है।

विपक्ष को 2014 और 2019 में लगातार दो हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा। इसे मिलेनियल्स सहित मतदाताओं से जुड़ने की जरूरत है। विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस 138 साल पुरानी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है जो एससी, एसटी, ओबीसी और मुसलमानों जैसे हाशिए पर रहने वाले समूहों का प्रतिनिधित्व करती थी। अस्सी के दशक के बाद से क्षेत्रीय दलों के उदय के साथ यह कमजोर हो गया है और आज, यह अपनी पूर्व ताकत की छाया मात्र है। इसमें नेतृत्व का अभाव है।

2014 और 2019 की हार के बाद, कांग्रेस अब दावा करती है कि वह सामाजिक न्याय और भारत के गरीबों, पीड़ितों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पांच गारंटी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है : युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय।

विपक्ष का लक्ष्य मुख्य रूप से भाजपा विरोधी वोटों को एकजुट करके और प्रोत्साहन देकर मोदी को चुनौती देना है। हाल के हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनावों में यह रणनीति कांग्रेस के लिए काम आई, जहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। कांग्रेस को केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नागरिकों के एक वर्ग में सत्ता विरोधी मूड से लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने राहुल गांधी की हालिया भारत जोड़ो यात्रा पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य लोगों से जुड़ना था।

सफल होने के लिए, कांग्रेस को चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने वाले युवा मतदाताओं से जुड़ने के लिए मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और सामाजिक कलह जैसे रोजी-रोटी के मुद्दे उठाने होंगे। उन्हें उनसे अपील करने के लिए एक वैकल्पिक रणनीति दिखानी होगी। इसके साथ ही, राज्य-स्तरीय पार्टियों के कुछ शक्तिशाली मुख्यमंत्री अपने राज्यों पर हावी हैं, जिससे इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी चुनावी लड़ाई का सामना करना पड़ा है।

2019 में, भाजपा और उसके सहयोगियों को केवल 45 फीसदी वोट मिले। शेष 55फीसदी अब इंडिया गुट में शामिल विपक्षी पार्टियों को मिले थे। हालांकि कोई भी राष्ट्रीय नेता मोदी की लोकप्रियता के बराबर का नहीं है, लेकिन कुछ प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। यह पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष रूप से सच है।

गठबंधन के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोदी के खिलाफ किसी एक नेता को आगे करना है। दुर्भाग्य से, गठबंधन सहयोगियों के बीच अहं का टकराव है, जिससे किसी पर सहमति बनाना मुश्किल हो जाता है। दूसरे, भाजपा अपार वित्तीय और राजनीतिक शक्ति के साथ एक मजबूत संगठन का दावा करती है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को छोड़कर, विपक्ष के पास कोई ठोस और सम्मोहक चुनावी कथा नहीं दिखती है।

हालांकि, मतदाता भोजन, कपड़े और आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतों के बारे में अधिक चिंतित हैं। उदाहरण के लिए, 2004 में सोनिया गांधी का आम आदमी नारा जनता के बीच खूब गूंजा। कम आय वाले लोग आम तौर पर तनख्वाह से तनख्वाह तक जीते हैं और अमूर्त राजनीतिक अवधारणाओं से संबंधित नहीं हो सकते हैं।

कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने गौरवशाली अतीत से चिपकी हुई है और वर्तमान परिदृश्य को स्वीकार करने में विफल हो रही है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में, कांग्रेस स्वचालित रूप से गठबंधन का नेतृत्व करने की उम्मीद करती है। वह अपने नेताओं को भाजपा के हाथों खो रही है और इन नेताओं के लगातार जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है।

विपक्ष को भाजपा के दुष्प्रचार और धार्मिक आख्यान का ठोस जवाब लेकर सामने आना चाहिए। 1980 के बाद से भाजपा का विकास हुआ है; आज यह भारत की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके पास असीमित धन शक्ति वाला एक मजबूत संगठन है। पार्टी प्रधानमंत्री के नाम पर वोट मांगती है। इस बार भाजपा के जीतने की ज्यादा संभावना है।

## बलिदान दिवस

भुलाकर हमें क्या वो खुश रह पायेंगे*!
*साथ में नहीं तो मेरे जाने के बाद मुस्करायेंगे*!!
*दुआ है खुदा से की उन्हें कभी दर्द मत देना*!
*हम तो सह गये पर वो टूट जायेंगे*!!

देश की आजादी के लिए मुस्कराते हुए फांसी के फन्दे को चूम लेने वाले बीर सिंह शावकों का आज बलिदान दिवस है। लेकिन अफसोस आज वतन उनकी शहादत को भूल गया बस कुछ मुट्ठी भर लोग अश्क बहाकर दिल को हल्का कर लेते हैं!जिस देश के लिए नौजवानी में जिन योद्धाओं ने खुद को शहीद कर लिया उसी देश में सियासी खेल इस कदर शुरू हो गयी ही अब उनको याद करना भी लोग मुनासिब नहीं समझते!देश की दुर्दशा देख आज उनकी आत्मा कराहती होगी! सोचती होगी! क्या वही भारत है जिसको आजाद कराने के लिए लाखों करोड़ों लोगों ने जीवन कुर्बान कर दिया!अफसोस के साथ लिखना पड़ रहा है आज 23 मार्च है आज ही के दिन मां भारती के सपूत हंसते हुए फांसी के फन्दे पर झूल? गये महज अभी सौ साल भी नहीं हुए लोग उन्हें भूल गये!गजब साहब अंग्रेजों के चाटुकारों के जन्म दिन पर जश्न मनाएं जाते हैं,! उनके अवसान दिवस पर देश में कार्यक्रमों का घमासान मच जाता है!मिल गयी आजादी बिना खड्ग बिना ढाल के तराने बजते हैं! लेकिन खुश रहना ये अहले वतन हम तो सफर करते हैं के तराना को गाकर सब कुछ लुटाकर शहादत की बलि बेदी पर गगन भेदी वन्दे मातरम् का उद्घोष करने वाले आज के आधुनिक भारत में खो गये! कलम कार हो, पत्रकार, साहित्यकार हो, सभी की सोच बदल गयी! आज आप देश के सारे समाचार पत्रों को खंगाल कर देख लीजिए किसी अखबार में इन महापुरुषों पर सम्पादकीय की एक लाईन नहीं लिखी होगी।केजरी वाल मोदी अमित शाह के आगे पीछे चाटुकारिता की पराकाष्ठा को पार करने वाली कलम लोगों को भ्रमित करने का लेख छापती होगी!आज की युवा पीढ़ी भूल गयी है देश के उन रण बांकुरों को जिनके एक दहाड़ पर ब्रितानिया हुकूमत कांप उठती थी!माए रंग दे बसन्ती चोला की गूंज पर थर्रा उठती थी!लेकिन देश के गद्दार इतिहासकारो तथा सियासतदारों ने चन्द्रशेखर आजाद भगत सिंह राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां ",जैसे होनहार बागी नौजवानो की बीर गाथा को छिपा दिया! सच के राह पर चलकर देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लेकर चलने वाले महान विचारक बैरिस्टर नाथू राम गोडसे को समाज में हत्यारा साबित कर उनके पवित्र मिशन को कलंकित कर दिया! लेकिन नोआ खाली में लाखों लोगों की रक्त रंजित लाश पर मुस्कराने वाले को स्वयंभू राष्ट पिता बना दिया! धीरे धीरे समाज के सामने सच आ रहा है लोगों के जेहन में नफरत जहर फैलने लगा है!शहादत की लौ जो सौ साल से जल रही थी अब भभकने लगी है! गद्दार इतिहासकारों तथा गद्दार सियासतदारो की असलियत जनता जानने लगी है! बदलाव की हवा जोर पकड़ रही है-सच छन छन कर बाहर आ रहा है।भारत के भविष्य में एक बार फिर उन गुरू शिष्य परम्परा की नींव पड़ने जा रही है देश के लिए कुर्बान होने वालों को हिन्दुस्तान पुकार रहा है! वर्तमान ललकार रहा है!हम रहे न रहे महका करेंगे की सोच रखने वालों की सोच अब कामयाबी की किताब लिखने लगी है।मां भारती के अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रूह कांप रही है आत्मा खुद को धिक्कार रहा है आखिर कैसे भूल गये देश वासी उनकी शहादत! भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के खून का हर कतरा मां भारती के मस्तक पर आज भी दस्तक दे रहा है भ्रष्ट सियासत देश में विद्वेष फैलाकर इन महापुरूष की सोच को कलंकित कर दिया!अफसोस आज का नौजवान उन महान योद्धाओं को भूल गया जिनकी कुबार्नी हर हिन्दुस्तानी पर कर्ज है! --------!

# क्या कारण है कांग्रेस की मंद होती रोशनी के





देश की सबसे पुरानी एवं मजबूत कांग्रेस पार्टी बिखर चुकी है, पार्टी के कद्दावर, निष्ठाशील एवं मजबूत जमीनी नेता पार्टी छोड़कर अपनी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, वह भी तब जब लोकसभा चुनाव सन्निकट है। कांग्रेस नेताओं का यह दलबदल आश्चर्य की बात हैं, पार्टी छोड़ने का जैसा सिलसिला चल रहा है, वह देश के इस सबसे पुराने दल की दयनीय दशा और स्याह भविष्य को ही रेखांकित करता है। हालांकि भाजपा और कुछ अन्य दलों के चंद नेता कांग्रेस की शरण में भी गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में उसके नेताओं के पार्टी छोड़ने की संख्या कहीं अधिक है। प्रश्न है एक लोकतांत्रिक संगठन की यह दुर्दशा एवं रसातल में जाने की स्थितियां क्यों बनी? इसके कारणों की समीक्षा एवं आत्म-मंथन जरूरी है। कांग्रेस पार्टी लगातार न केवल हार रही है, बल्कि टूट एवं बिखर रही है, जनाधार कमजोर हो रहा है, इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने न इसकी समीक्षा की, न विश्लेषण किया। कांग्रेस पर वंशवाद एवं पुत्रमोह का ठप्पा लगा हुआ है। पार्टी में आंतरिक प्रजातंत्र नहीं है। शीर्ष नेतृत्व निर्णय लेने में अक्षम है। बहुसंख्यकों के कल्याण की कोई नीति नहीं है। तुष्टीकरण नीति भी उसके लिए घातक साबित हो रही है। इन बड़े कारणों के बावजूद पार्टी में सन्नाटा पसरे होने के कारण ही अनेक जिम्मेदार एवं कर्णधार नेता ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं या चले गये हैं। आज का कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व साम्प्रदायिक, असामाजिक, स्वार्थी, चाटुकारी एवं देश-विरोधी तत्वों के साथ इस तरह ह्वताना-बानाह्ल हो गया है कि उससे निकलना मुश्किल हो गया है। सांप-छछूंदर की स्थिति है। न निकलते बनता है और न उगलते। कांग्रेस नेतृत्व सत्ता प्राप्ति की खुशफहमी और खोने के खतरे की फोबिया से ग्रस्त है।

कांग्रेस के नेताओं के कांग्रेस छोड़ने से पार्टी नेतृत्व को हैरान-परेशान होना चाहिए, लेकिन शायद ही ऐसा हो, क्योंकि राहुल गांधी आम तौर पर ऐसे नेताओं को डरपोक या अवसरवादी करार देकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। वह और उनके करीबी यह देखने-समझने के लिए तैयार नहीं कि आखिर क्या कारण है कि एक के बाद एक नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह का भाजपा में जाना इसलिए कांग्रेस के लिए एक बड़ा आघात है, क्योंकि पंजाब उन राज्यों में है, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत मजबूत दिखती है और भाजपा तीसरे-चौथे नंबर के दल के तौर पर देखी जाती है। बात पंजाब ही नहीं, महाराष्ट्र, हिमाचल एवं अन्य प्रांतों की भी ऐसी ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि कांग्रेस छोड़ने वालों में कई ऐसे नेता भी हैं, जो गांधी परिवार के करीबी माने जाते थे, जैसे अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, सुरेश पचौरी। इसके पहले राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड के सदस्य कहे जाने वाले अधिकांश नेता भी कांग्रेस से विदा ले चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं में एक बड़ी संख्या उनकी है, जो अपना स्वतंत्र राजनीति वर्चस्व एवं पहचान रखते हैं, वे अपने जनाधार के लिए जाने जाते हैं। गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार नेताओं में बहुत कम ऐसे हैं, जो अपने बलबूते चुनाव जीतने की क्षमता रखते हों।

प्रश्न है कि कांग्रेस की यह दशा क्यों बनी? देश की विविधता, स्वरूप और संस्कृति को बांधे रखकर चलने वाले अतीत के कांग्रेसी नेता, जिनकी मूर्तियों और चित्रों के सामने हम अपना सिर झुकाते हैं, पुष्प अर्पित करते हैं- वे अज्ञानी नहीं थे। उन्होंने अपने खून-पसीने से ह्वभारत-माँह्ल के चरण पखारे थे। आज उनकी राष्ट्रीय सोच एवं जनकल्याण की भावना को नकारा जा रहा है, उन्हें ह्वअदूरदर्शीह्ल कहा जा रहा है। कांग्रेस में धीरे-धीरे जमीनी धरातल पर कार्य करने वाले बड़ी सोच वाले कार्यकर्ता कम हो गए और नेताओं के चापलूस बढ़ गए। ये चापलूस ही आगे बढ़े और कांग्रेस की टूट का कारण बने हैं। वक्त यह सब कुछ देख रहा है और करारा थपड़ भी मार रहा है। कांग्रेस विश्वसनीय और नैतिक नहीं रही और सत्ता विश्वास एवं नैतिकता के बिना ठहरती नहीं। शेरनी के दूध के लिए सोने का पात्र चाहिए। कांग्रेस अपना राष्ट्रीय दायित्व एवं सांगठनिक जिम्मेदारी राजनीतिक कौशल एवं नैतिकतापूर्ण ढंग से नहीं निभा रही। अंधेरे को कोसने से बेहतर था कि कोई तो पार्टी में एक मोमबत्ती जलाता। रोशनी करने की ताकत निस्तेज होने का ही परिणाम है कि वक्त ने सीख दे दी। इसी का परिणाम है कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की संख्या तेजी से बढ़ती चली जा रही है, उससे तो यह लगता है कि पार्टी छोड़ो जैसा कोई अभियान चल रहा है। राहुल गांधी भले ही यह दिखाएं कि कांग्रेस नेताओं के जाने से पार्टी की सेहत पर फर्क नहीं पड़ता, लेकिन सच तो यह है अब फर्क पड़ता दिख रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव के परिणाम इस फर्क को और अधिक स्पष्ट कर देंगे। कुछ नेता चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं और कुछ तो प्रत्याशी घोषित होने के बाद अपने कदम पीछे खींच चुके हैं। कांग्रेस भले ही यह दिखा रही हो कि वह भाजपा का मुकाबला करने मे समर्थ है, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि वह अपने नेतृत्व वाले मोर्चे इंडिया महागठबंधन को वैसा आकार नहीं दे सकी, जिसकी आशा की जा रही थी। इसके लिए कांग्रेस अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। कांग्रेस का क्षरण इसलिए शुभ संकेत नहीं, क्योंकि भाजपा के समक्ष वही सही मायने में एक राष्ट्रीय दल है। अन्य राष्ट्रीय दलों में कोई भी ऐसा नहीं, जिसकी जड़ें देश भर में हों। लोकतंत्र में एक मजबूत विपक्ष भी आवश्यक होता है, लेकिन सत्तापक्ष उसकी मजबूती की चिंता नहीं कर सकता।

कांग्रेस पार्टी में शीर्ष नेतृत्व कमजोर हो गया है। वंशवाद, परिवारवाद के कारण कांग्रेस पार्टी दिनोंदिन डूबती जा रही है। पहले कांग्रेस नेताओं के लिए लोककल्याण पहली प्राथमिकता होती थी, लेकिन आज मोदी-विरोध उसकी प्राथमिकता है। मोदी-विरोध के नाम पर वह कभी-कभी राष्ट्र-विरोध करने लगती है, उनकी इस प्राथमिकता में बदलाव आने से भी पार्टी कमजोर हुई हैं। कांग्रेस अपनी तुष्टीकरण की नीति की वजह से भी कमजोर हो रही है। अगर इसमें बदलाव नहीं करती है, तो उसकी हालत बद से बदतर हो जाएगी। इस बात का समझना होगा कि कोई भी दल बहुसंख्यकों को नाराज करके देश पर राज नहीं कर सकता। राहुल गांधी क्या बोलते है, क्या सोचते है, कोई स्पष्ट सन्देश ही नहीं मिल पाता। कांग्रेस में कोई निर्णय ऐसा लिया जाता है, जो निर्णय होता ही नहीं। लोग समझते ही नहीं कि क्या कहा गया है। इसी कारण कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई ह्वप्रोम्प्टह्ल कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। किसी परिवार में तो यह चल सकता है लेकिन एक राष्ट्रीय दल को ऐसे नहीं चलाया जा सकता। लम्हों की खता सदियों को भुगतनी पड़ती है। शीर्ष नेतृत्व की गलत सोच, गलत निर्णय, गलत प्रेरणा न केवल पार्टी को बल्कि राष्ट्र के ताने-बाने को उधेड़ देते हैं, ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। समूचे देश में कांग्रेस के अपरिपक्व राजनीति एवं कुप्रबंधन के उदाहरण भरे पड़े हैं। ऐसी सूरत में सवाल उठता है कि 2019 में 52 सीट पर सिमट गई कांग्रेस क्या 2024 में हाफ सेंचुरी भी लगा पाएगी? ऐसा लगता है कि बीजेपी के कांग्रेस-मुक्त भारत अभियान में कांग्रेस की नीतियां एवं नेतृत्व मोह सहयोगी बन रहे हैं। **प्रेषक:**

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

# अब वाशिंग मशीन में जनार्दन रेड्डी



कर्नाटक के खनन माफिया कहलाये जाने वाले जी. जनार्दन रेड्डी अपने पूर्ववर्ती दल यानी भारतीय जनता पार्टी में लौट आये हैं। उन्होंने अपनी पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) का भाजपा में विलय भी कर दिया जिसका गठन उन्होंने दिसम्बर 2022 में भाजपा से अलग होकर किया था। वर्षों भाजपा से जुड़े जनार्दन ने लम्बे समय तक पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के साथ मिलकर काम किया था लेकिन 2008 से 2013 के दौरान उन पर अवैध खनन के कई मामले उनकी ही सरकार ने दर्ज किये थे।

सितम्बर 2015 में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी एवं आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में करोड़ों रुपयों के लौह अयस्क का अवैध खनन करने के आरोप में गिरफ्तार भी किया था। उन्हें कर्नाटक के बेल्लारी जिले के साथ ही आंध्रप्रदेश के अनंतपुर एवं कडप्पा जाने पर प्रतिबन्ध भी लगा था। 2015 से वे जमानत पर हैं। उन पर एक-दो नहीं, सीबीआई के 9 मामले दर्ज हैं। ऐसे खनन माफिया को अपने साथ फिर से जोड़कर भाजपा ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का उसका नारा कितना खोखला और एकतरफा है। साथ ही, इस कदम ने यह भी दर्शाया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी स्तर तक जाकर समझौते कर सकती है।

जनार्दन रेड्डी को फिर से गले लगाना कोई आश्चर्य के रूप में नहीं देखा जा रहा है वरन यह मामला भाजपा द्वारा भ्रष्टाचारियों को साथ लेने की श्रृंखला की एक कड़ी मात्र के रूप में लिया जा रहा है। दोनों ही पक्ष- भाजपा व रेड्डी एक दूसरे से मिलकर जिस तरह से प्रसन्न हैं तथा सहज महसूस कर रहे हैं, उससे साफ है कि ऐसे दल व व्यक्ति ही भाजपा के नैसर्गिक सहयोगी हो सकते हैं। इस आशय का निष्कर्ष जनार्दन के बयान से निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एक अर्से बाद भाजपा कार्यालय में फिर से प्रवेश करते हुए उन्हें ऐसा लग रहा है मानो वे अपनी मां की गोद में लौट आये हैं।' उन्होंने इसे 'अपनी जड़ों की ओर लौटना' भी बतलाया। जनार्दन रेड्डी की घरवापसी यह भी बतलाती है कि नरेन्द्र मोदी किन और कैसे लोगों के बल पर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने तथा भाजपा के लिये 370 सीटें जीतने का लक्ष्य बनाये हुए हैं। रेड्डी ने कहा कि वे एक कार्यकर्ता के रूप में मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिये काम करेंगे। रेड्डी स्पष्ट करते हैं कि वे भाजपा में किसी पद के लिये नहीं आये हैं और उनका समर्थन बिना शर्त है।

जिन येदियुरप्पा ने बतौर मुख्यमंत्री उन्हें पर्यटन मंत्री से हटा दिया था और नाराज होकर उन्होंने भाजपा छोड़कर अलग दल बनाया था, उनके पुत्र विजयेन्द्र के साथ काम करने का अवसर मिलने पर उन्होंने खुशी जताई है। विजयेन्द्र ने भी कहा है कि 'जनार्दन रेड्डी की घरवापसी से राज्य में भाजपा और मजबूत होगी।' आखिर क्यों न हो? वे भाजपा के लिये आर्थिक मदद देने वालों में से प्रमुख थे। अब फिर से रहेंगे। स्मरण हो कि 1998 में जब बेल्लारी लोकसभा क्षेत्र से सोनिया गांधी ने अपना पहला चुनाव लड़ा था तब भाजपा की प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज का प्रचार अभियान सम्भालने वालों में वे प्रमुख थे। कहा जाता है कि वित्तीय पक्ष भी वे ही देखा करते थे। ऐसे व्यक्ति के किसी भी दल में शामिल होने से उसके आर्थिक फायदे क्या हो सकते हैं, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

जनार्दन रेड्डी को इसलिये भी साथ लिया जा रहा है क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि उनकी पार्टी ने 2023 के कर्नाटक चुनाव में भाजपा का बड़ा नुकसान किया है- खासकर, उत्तर कर्नाटक में। यह अलग बात है कि विधानसभा में वे अपनी पार्टी के अकेले विधायक हैं- गंगावती विधानसभा क्षेत्र से। उधर तमाम प्रशासकीय नाकामियों एवं इलेक्टोरल बॉन्ड्स सहित कई-कई आरोपों से घिरने के कारण मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ तो गिरा ही है, भाजपा का जनाधार भी तेजी से घटा है। तिस पर भाजपा एवं उसके राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को जैसी कड़ी चुनौती संयुक्त प्रतिपक्ष इंडिया के द्वारा मिल रही है, वैसे में मोदी-भाजपा का तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाना लगभग नामुमकिन लग रहा है। ऐसी परिस्थिति में भाजपा एक-एक सांसद पाने के लिये संघर्षरत है। जनार्दन रेड्डी सहित तमाम विवादास्पद लोगों को भाजपा द्वारा जो शामिल किया जा रहा है या उन्हें अपना चुनावी सहयोगी बनाया जा रहा है, उसका कारण लोकसभा-2024 में पराजय का भय है।

यह बात इससे भी साबित होती है कि, जैसा स्वयं जनार्दन रेड्डी ने बतलाया है, उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिल्ली आने का निमंत्रण मिला था। शाह ने जब उनसे सहयोग मांगा था तो रेड्डी ने उन्हें बाहर से समर्थन देने की पेशकश की थी, परन्तु शाह ने उनकी पार्टी केआरपीपी के भाजपा में विलय पर जोर दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

जनार्दन रेड्डी की पार्टी में वापसी को हेमंता बिस्वा सरमा, शुभेन्दु अधिकारी, जितेन्द्र तिवारी, मुकुल रॉय, अजित पवार, छगन भुजबल, अशोक चव्हाण, नारायण राणे, प्रवीण डारेकर, हार्दिक पटेल आदि की ही कड़ी में देखा जाना चाहिये। खुद येदियुरप्पा पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं जो 2013 में भाजपा छोड़ गये थे लेकिन बाद में लौट आये थे और पुनः सीएम बने थे। इसी कड़ी में भाजपा की वाशिंग मशीन में धुलने अब जनार्दन रेड्डी भी आये हैं। देखना है कि उन पर लगे आरोप कितने दिनों में सीबीआई वापस लेती है और उन्हें क्लीन चिट मिलती है।

## अपने कामों पर वोट क्यों नहीं मांगती भाजपा

- सर्वमित्रा सुरजन

महिलाओं को निशाने पर लेने का सिलसिला आज का नहीं बरसों पुराना है। और यह किसी एक पार्टी की महिलाओं के साथ नहीं होता, सभी के साथ होता है। क्योंकि यहां समस्या समाज की मानसिकता में है, जिसमें यह बात गहरे तक धंसी हुई है कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं रखा जा सकता। इस मानसिकता से बहुसंख्यक लोग ग्रसित हैं। केवल राहुल गांधी जैसे कुछेक अपवाद हैं, जो महिलाओं के साथ इतने सम्मान से पेश आते हैं । आगामी आम चुनावों में भाजपा ने अपने लिए 370 से अधिक सीटें और एनडीए के लिए 4 सौ से अधिक सीटें लाने का लक्ष्य रखा है। 10 साल सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ रहने वाली पार्टी के लिए यह कोई असंभाव्य लक्ष्य नहीं है, क्योंकि अपने दो-दो कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर ही भाजपा जनता से अपने लिए पहले से अधिक सीटें और बड़ी जीत मांग सकती है। लेकिन भाजपा अपने कार्यों को गिनाने से अधिक विपक्ष पर प्रहार कर-के जीत हासिल करने की जुगत में है। शायद उसे अपनी उपलब्धियों के दम पर जीत हासिल करने का विश्वास नहीं है। झूठे विज्ञापन, विपक्ष की एकता का मखौल उड़ाने वाले प्रचार और भावनात्मक मुद्दों के इर्द-गिर्द भाजपा रणनीति बना रही है। कंगना रनौत प्रकरण से लेकर दूल्हा कौन होगा जैसे विज्ञापन इसकी मिसाल हैं। 2004 से 2014 तक यूपीए ने दस साल देश पर शासन किया था। लेकिन 2014 के चुनावों के वक्त यूपीए के लिए लोकविरोधी लहर चली थी। इसकी तैयारी 2011 के अन्ना आंदोलन से ही शुरू हो गई थी। जिसका नतीजा यह हुआ कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार ऐसे कई क्रांतिकारी फैसलों के बावजूद कांग्रेस के विरोध में माहौल बना दिया गया और इससे पहले कि कांग्रेस अपने कार्यों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा ने नरेन्द्र मोदी को आगे करके अच्छे दिनों का नारा बुलंद किया। महंगाई डायन भागेगी, हर खाते में 15 लाख रूपए आएंगे, क्योंकि काला धन वापस आएगा, युवाओं को 2 करोड़ रोजगार हर साल मिलेंगे, बुलेट ट्रेन चलेगी, ऐसे कई आकाशकुसुम भाजपा ने देश के सियासी पर्दे पर बिखरा दिए, जिन्हें देखने में मगन जनता ने भाजपा को भर-भर के वोट दिए। 2014 के पहले केवल अन्ना हजारे ही नहीं, योग गुरु रामदेव, आर्ट ऑफ लिविंग सिखाने वाले रविशंकर जैसे लोगों ने भी कांग्रेस के खिलाफ खूब माहौल बनाया। कई प्रेस वार्ताएं करके बताया कि भ्रष्टाचार से लेकर पेट्रोल-डीजल के दाम और रूपए की कीमत तक सबमें भाजपा की सत्ता आने से कैसे सुधार हो सकता है। इससे पहले कि कांग्रेस अपने कामों के आधार पर वोट मांगती, भाजपा और संघ के सहयोगियों ने कांग्रेस को आभासी मुद्दों में घेर कर सत्ता से बाहर करवा दिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर सत्ता में लौटने की तैयारी की। राफेल लड़ाकू विमानों के सौदों में हुई बड़ी गड़बड़ी की ओर कांग्रेस ने देश का ध्यान दिलाया। इसके साथ ही यह भी बताया कि मोदी सरकार ने 5 सालों में एक भी वादा पूरा नहीं किया है। न युवाओं को रोजगार मिला, न किसी के खाते में 15 लाख आए, लेकिन जनता तक कांग्रेस का संदेश न पहुंचे, इसकी तैयारी भी भाजपा ने कर ली थी। भाजपा ने मीडिया को अपने नियंत्रण में कर ही लिया था, इसके अलावा पुलवामा हमले के बाद राष्ट्रवाद की नयी लहर उठा दी गई, जिसमें रोजगार, महंगाई और भ्रष्टाचार के सारे मुद्दे उड़ गए और भाजपा को फिर सत्ता में आने का मौका मिला। अब 2024 में फिर जनता के बीच भाजपा को वोट मांगने पहुंचना है। इस बार राम मंदिर के उद्घाटन पर भाजपा वोट मांग सकती थी, लेकिन यह मुद्दा महीना भर भी असर नहीं दिखा सका। फरवरी में चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और धार्मिक भावनाओं पर भ्रष्टाचार का मुद्दा हावी हो गया। ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को किस तरह कारोबारियों पर दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल में लिया गया और कैसे बड़ी कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए हजारों करोड़ रूपए भाजपा को चंदे के तौर पर दिए हैं, इसके प्रमाण अब सामने हैं। अर्थशास्त्री इसे देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बता रहे हैं। जाहिर है भाजपा के लिए चुनावी बॉन्ड एक बड़ी उलझन बन चुका है और इस बार कोई धार्मिक या राष्ट्रवादी लहर इस उलझन से उसे निकाल नहीं सकती। अपने बचाव के लिए अब भाजपा दर्शकों को गुमराह करने वाले विज्ञापनों को प्रसारित कर रही है। भाजपा ने पहले यूपीए सरकार के वक्त हुए 2जी घोटाले पर विज्ञापन बनाया, जबकि अदालत में 2जी घोटाले पर कांग्रेस को क्लीन चिट मिल चुकी है। इसके बाद यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रुकवाकर भारतीय छात्रों को लाने वाला विज्ञापन जारी किया गया। इसमें भी भाजपा का झूठ सामने आ गया। क्योंकि खुद विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है कि श्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध नहीं रुकवाया है और ये भ्रामक दावा है। अब भाजपा का एक और विज्ञापन सामने आया है, जो विवाह जैसी पवित्र संस्था पर आघात के समान है। इस विज्ञापन में भाजपा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रहार किया है। विज्ञापन में दिखाया गया है कि दुल्हन बनी एक युवती वर पक्ष से पूछ रही है कि दूल्हा कौन है। जिन किरदारों को विज्ञापन में दिखाया गया है, वे राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, उद्धव ठाकरे, एम के स्टालिन और ममता बनर्जी की तरह दिख रहे हैं। इसमें राहुल गांधी जैसे लगने वाले किरदार को केंद्र में दिखाया गया है, जो खुद के दूल्हा होने की बात कह रहा है, इस बीच बाकी किरदार भी आपस में झगड़ रहे हैं और दुल्हन बनी युवती उन सबको हैरान-परेशान सी देख रही है ।

# तीन सौ बच्चों में 20 को मिले एक हजार-प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में जिले के 300 बच्चों की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता छत्रपति शाहूजी महाराज महिला महाविद्यालय कर्वी में हुई। 300 प्रतिभागियों ने परीक्षा में प्रथम 20 प्रतियोगी छात्रों को एक हजार नगद व प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी व अच्छा ड्रॉइंग बॉक्स दिया गया।

गुरुवार को सभी शिक्षकों व बच्चों को लंच पैकेट दिये गये। पुरस्कार वितरण में अतुलदत्त तिवारी ने कहा कि सभी बच्चे एक हजार नगद धनराशि का मॉडल बनाकर पेश करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रस्तुतिकरण करेंगे। तिवारी ने बताया कि कल इन 300 बच्चों में से चयनित 100 छात्रों का टूर इलाहाबाद कंपनी गार्डन व आनंद भवन तथा विश्वविद्यालय ले जाया जाएगा। अलग से बच्चों को एक-एक प्रिंटेड टी-शर्ट, कैप व विज्ञान की बारीकियां बताई जायेगी। यात्रा ब्रतांत लिखाया जाएगा। मौके पर एआरपी दिलीप सिंह, तीरथ प्रसाद सिंह, बृजेश सिंह बरवारा, राजेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, उषा रानी त्रिपाठी, उपेंद्र शर्मा, विद्यासागर सिंह समेत शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कार देते बीईओ।

## छात्र-छात्राओं को कराया भ्रमण, बीईओ ने बांटी सामग्री

**अखंड भारत संदेश**



बसों को रवाना करते बीईओ।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में पहले 100 स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर जिले के भीतर अथवा पड़ोसी जिले के सांस्कृतिक एवं औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराने के निर्देश पर रामनगर ब्लाक में 9 मार्च को खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह के निर्देश पर 28 मार्च को चित्रकूट व सतना जिले के विभिन्न सांस्कृतिक व औद्योगिक स्थानों के भ्रमण को रवाना हुआ। गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने एक्सपोजर विजिट में दोनों बसों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को गणेश बाग, देवांगना एयरपोर्ट, ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पुस्तकालय, साइंस फैकेल्टी व अन्य तकनीकी फैकेल्टी, रामायण दर्शन, दिव्यांग विश्वविद्यालय आदि का भ्रमण कराया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने सभी संस्थाओं एवं स्थानों के भ्रमण में विशेष रूप प्रदर्शित मुख्य बातों को नोट किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को निर्देश दिये कि विद्यालय पहुंचने पर पूरे भ्रमण दो पेज में लिखकर प्रधानाध्यापक के पास जमा करें। सभी प्रतिभागी बच्चों को आरआरए लोगो अंकित टीशर्ट व कैप बांटी। उन्हें राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश पर खाद्य सामग्री, पानी की बोतल, भोजन, स्टेशनरी आदि दी गई। एक्सपोजर विजिट में खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह समेत शिवभूषण त्रिपाठी, श्याम सुंदर सिंह, मुन्नीलाल, श्रीमती शांति देवी, राकेश पांडेय आदि शिक्षक-शिक्षिकायें शामिल रहे।

## अपहरण कर जान से मारने के प्रयास में हुई सात वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल की पैरवी से न्यायालय ने अपहरण कर जान से मारने के प्रयास के आरोपी को सात वर्ष की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया है।

गुरुवार को शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश चतुर्थ नीरज श्रीवास्तव ने राजापुर थाने में दर्ज अपहरण व जानलेवा हमले के आरोपी मोहम्मद अली पुत्र रहमत अली निवासी कोट थाना खखरेरू जिला फतेहपुर को सात वर्ष की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माना से दंडित किया है। ज्ञात है कि एक मई 2004 को राजापुर थाने के चांदी गांव के राजकुमार पुत्र नाटी ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके भाई व जीजा को पकड़कर ले जाकर जीजा को गोली मारकर घायल कर दिया था। तत्कालीन निरीक्षक प्रेमकुमार पाण्डेय ने मामले की विवेचना कर 20 जून 2004 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# दो के कब्जे से दो तमंचा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से दो तमंचा व तीन कारतूस समेत गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही श्यामू के साथ शिवम उर्फ बूटी पुत्र अजय कुमार श्रीवास निवासी पुरानी बाजार द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में राजापुर थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय ने दरोगा इमरान खान व सिपाही संजय सिंह यादव, मनीष यादव के साथ मथुरा उर्फ कल्लू पुत्र चन्द्रशेखर आरख निवासी मलवारा के कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस 12 बोर समेत गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

## एसपी के निर्देश पर दस पर हुआ मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दस लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हुई।

गुरुवार को मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने रज्जू पुत्र पुरूषोत्तम, धर्मेन्द सिंह उर्फ गुड्डू पुत्र हीरा सिंह, विकास सिंह पुत्र नरेन्द्र गढ़चपा, नत्थू तिवारी पुत्र सत्यनारायण छेरिहाई, भोला पुत्र नथुवा कहारन पुरवा मजरा हुनवा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही हुई। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने पंकज आदिवासी पुत्र ननकउ, शनि आदिवासी पुत्र फदाली विनोबा नगर, रमेश पुत्र धनश्याम कोल मजरा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने समीर उर्फ मुसुवा पुत्र नत्थू गडौली, पप्पू पुत्र बाबू निषाद पिलखनी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की।

## तीन के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी-19 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 55 क्वार्टर देशी व 19 लीटर महुआ शराब बरामद हुई।

गुरुवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा राहुल सिंह ने अखिलेश उर्फ मुखिया पुत्र मोहन प्रसाद कुली तलैया के कब्जे से 19 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा अनिल कुमार ने खुशबू रैदास पुत्र भगवानदीन चनहट के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा रामाधार सिंह ने राजकुमार कोल पुत्र मसुरिया पनहाई के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।


पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

## दो को हुआ दो-दो सौ रुपये का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व पैरोकार नियाज राइन की पैरवी व अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्र ने मानिकपुर थाने में दर्ज जुआ अधिनियम आरोपी केशलाल पुत्र शिवलोचन व अच्छुत कुमार पुत्र शंभूनाथ निवासी गोविंदनगर कस्बा को 200-200 रूपए के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## भैंसे ने ली किसान की जान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के सिकरौ गांव में बीती रात भैंसे के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गुरुवार को मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि सिकरौ के छेदीलाल (60) पुत्र बदलू किसी काम से देर शाम सात बजे खेत गया था। अचानक एक भैंसे ने उस पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छेदीलाल को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने छेदीलाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# 25000 के इनामी हत्या वांछित अन्तर्राज्जीय अपराधी मुठभेड़ में दबोचा

### तमंचा-कारतूस-मोटरसाइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में सरधुवा व एसओजी की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ में 25000 रुपये के इनामी/फिरौती को अपहरण कर हत्या के वांछित, कुख्यात अन्तर्राज्जीय अपराधी को तमंचा, कारतूस व मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।


बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम के बारे में बताते एसपी।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि आशीष पटेल उर्फ दस्सा पुत्र शिवपूजन सिंह निवासी चितरागोकुलपुर कोतवाली कर्वी को पुलिस ने मुठभेड में दबोचा है। उसका खासा आपराधिक इतिहास है। सरधुवा कमासिन मार्ग पर लमियारी गांव के पास बंधे के पास रात 3.48 बजे प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि कमासिन बांदा की ओर से रैपुरा थाने में हत्या में वांछित 25000 रुपये का इनामी अपराधी आशीष उर्फ दस्सा पटेल मोटरसाइकिल से सरधुवा आ रहा है। सरधुवा व एसओजी टीम बताये स्थान पर पहुंचकर मोटरसाइकिल आती देख टार्च की लाइट देकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस टीम पकडने को आगे बढी कि उसने मोटरसाइकिल को बायें मोडकर भागना चाहा। हड़बडाहट में मोटरसाइकिल से गिर गया। पुलिस टीम ने टार्च जलाकर नजदीक बढ़े कि उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की गरज से तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायर कर बदमाश को दबोच लिया। उसके दायें घुटने में गोली लगी। दबोचे बदमाश ने नाम-पता उपरोक्त बताया। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस मोटरसाइकिल बरामद हुई। घायल बदमाश आशीष पटेल पर रैपुरा थाने में अपहरण, हत्या, सबूत नष्ट करने, एससी/एसटी एक्ट में वांछित व ईनामिया अपराधी है। गिरफ्तार अपराधी ने साथियों से मिलकर कस्बा रैपुरा के राजधर के पुत्र का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। बाद में बालक की हत्या कर दी थी।,

टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, चालक राहुल पुरी, सिपाही अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार, शक्ति सिंह व एसओजी टीम के दीवान जितेन्द्र कुमार, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, आशीष सिंह, रोशन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, पवन राजपूत, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा शामिल रहे।


घर का मुआयना करती पुलिस।

## शिक्षक के घर से हुई लाखों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस की उदासीनता से शहर में चोरियों की बाढ़ सी आ गई है। होली पर्व पर आधा दर्जन स्थानों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटनायें अंजाम दी है। एसडीएम कॉलोनी कर्वी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय छछेरिहा में कार्यरत शिक्षक श्याम सुंदर यादव के घर में होली के दूसरे दिन सूना घर पाकर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। पत्नी बबिता यादव बच्चों समेत मायके गई थी। घटना की रिपोर्ट पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में श्याम सुंदर ने बताया कि वह 27 मार्च को सवेरे साढे आठ बजे स्कूल गए थे। छुट्टी बाद स्कूल से लौटकर आये। रात साढे आठ बजे घर लौटे तो घर का ताला व अलमारी का ताला टूटा था। घर का सामान बिखरा पड़ा था। छोटे-छोटे डब्बों में जेवरात रखे थे, वह खाली पड़े थे। जिनकी कीमत लगभग 6 से 7 लाख रुपये है। 50 लाख नगदी भी शामिल है। चोर छोटे बच्चों के गुल्लक भी नहीं छोड़े, उन्हें भी तोडकर पैसे ले गए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया कि पीडित शिक्षक की तहरीर पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। विवेचना बाद चोरी का खुलासा होगा।

## बनेगा मतदान सुविधा केन्द्र

**चित्रकूट।** प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र उपायुक्त स्वतः रोजगार अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर मतदान सुविधा केन्द्र बनाने विषयक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर लोकसभा चुनाव के तहत विभिन्न गतिविधियों को समय सुनिश्चित करने को मतपत्र/डाक मतपत्र की व्यवस्था सम्बन्धित कार्यों को प्रभारी नियुक्त किया है। प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी से प्राप्त निर्देश अनुसार प्रथम प्रशिक्षण 18 से 22 अप्रैल तक तथा द्वितीय प्रशिक्षण 9 मई से 14 मई तक चित्रकूट इण्टर कॉलेज कर्वी में होगा। जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देशों अनुसार पोलिंग कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण 9 से 14 मई में प्रशिक्षण स्थल पर विधान सभावार मतदान सुविधा केन्द्र बनवाया जाना है। जहां पर लोकसभा चुनाव में लगे कार्मिको को पोस्टल-बैलेट से मतदान कराया जाना है।

## पांच वारंटी-तीन वांछित दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने पांच वारंटी व तीन वांछित दबोचे हैं।

गुरुवार को थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने सिपाही अखिलेश तोमर के साथ वारंटी छोटा उर्फ छोट्टन जमादार पुत्र मिक्खू जमादार खम्हरिया को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा अनिल कुमार सिंह ने दरोगा अंकित सिंह, दीवान अतीक अहमद के साथ वांछित रामसुख पुत्र रामसनेही, पंजाबी पुत्र रामसनेही व उमाशंकर पुत्र रामसुख निवासी उत्तमपुर को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दीवान मुकेश सिंह व सिपाही विमलेश, प्रकाश मिश्रा के साथ वारंटी नन्हू निषाद पुत्र वासुदेव निषाद बेराउर को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने खनिज अधिनियम के वारंटी अर्जुन चिकवा पुत्र मंगल दास निवासी अहिरी हाल पता हटवा को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा हारुन रशीद ने सिपाही नरेन्द्र सिंह के साथ खनिज अधिनियम के वारंटी पहलवान पुत्र बृजलाल निवासी वीदर पुरवा मजरा गोंडा को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने वारंटी घासी उर्फ राजबहादुर केवट पुत्र कामता प्रसाद शंकर बाजार कर्वी को गिरफ्तार किया।


पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

## पर्यावरण मुक्त होगा चुनाव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के पत्र 24 मार्च के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने पुस्तकों/ सामग्रियों की छपाई को इन्वायरमेन्ट सस्टेनेबिलिटी (पर्यावरण स्थिरता) और व्यापक मापदंडो के प्रति भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने को निर्देश दिये हैं।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि आयोग ने राजनीतिक दलों के साथ अधिकारियों को पर्यावरण मुक्त चुनाव की दिशा में कदम उठाने को कहा है। सीईओ/डीईओ संदर्भ उपयोग की रूपरेखा तैयार की है। ये कहा है कि आज विश्व में पर्यावरण बाबत चिंता अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। चुनाव आयोग में गैर-जैव निम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग से होन वाले पर्यावरणीय खतरों के मुद्दे पर बहुत चिंतित है। आयोग राजनीतिक दलों के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पर्यावरण अनुकूल चुनाव की दिशा में कदम उठाने की सलाह दी है।

# सीडब्ल्यूसी, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और जीआरएसई ने सरकार को दिया 140 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी), गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में 140 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें सीडब्ल्यूसी ने क्रमशः करीब 42 करोड़ रुपये, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने 30 करोड़ रुपये और जीआरएसई ने 68 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को बताया कि सीडब्ल्यूसी से करीब 42 करोड़ रुपये, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड से 30 करोड़ रुपये और जीआरएसई से 68 करोड़ रुपये लाभांश किश्त के रूप में मिले हैं।

दीपम सचिव के मुताबिक सरकार को लाभांश किश्त के रूप में कुल 140 करोड़ रुपये मिले हैं।सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है। सीडब्ल्यूसी वेयरहाउसिंग, कुल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और संबद्ध गतिविधियों के व्यवसाय में लगी हुई है।

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड एक भारत सरकार के स्वामित्व वाली जहाज निर्माण कंपनी है, जो भारत के पश्चिमी तट पर वास्को डी गामा, गोवा में स्थित है। इसके अलावा गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड कोलकाता में स्थित है। यह कंपनी भारतीय नौसेना के पोतों से लेकर व्यापारिक जलपोतों तक का निर्माण एवं मरम्मत करती है।

## बैंकों में शनिवार और रविवार को होगा कामकाज, शुक्रवार को रहेगा अवकाश




**नई दिल्ली।** गुड फ्राइडे के अवसर पर 29 मार्च को कई राज्यों में बैंकों में अवकाश रहेगा। हालांकि, 30-31 मार्च को बैंक खुले रहेंगे। ऐसे में अगर बैंक से संबंधित कोई जरूरी काम है, तो आप उसे शनिवार और रविवार को निपटा सकते हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों को 30 मार्च और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों तक सरकारी लेन-देन से संबंधित काउंटर खुला रखने का निर्देश दिया है। आरबीआई ने बैंकों को टैक्स जमा करने के लिए अपनी शाखाओं को खुला रखने का निर्देश दिया है। हालांकि, शनिवार और रविवार को सभी बैंक नहीं खुले रहेंगे, सिर्फ वो बैंक ही खुलेंगे, जहां टैक्स कलेक्शन का काम होगा।

वॉयस ऑफ बैंकिंग के फाउंडर अशवनी राणा ने कहा कि आमतौर पर वित्त वर्ष के खत्म होने वाले महीने के आखिरी तारीख की 31 मार्च को बैंकों की शाखाएं टैक्स जमा करने के लिए खुली रहती हैं, लेकिन इस बार रविवार होने की वजह से रिजर्व बैंक ने यह निर्देश जारी किया है।

रिजर्व बैंक की छुट्टियों की सूची के अनुसार मार्च में बैंक में 14 दिनों का अवकाश है, जिसमें रविवार का साप्ताहिक अवकाश और दो शनिवार की छुट्टी भी शामिल है। इसके अलावा गुड फ्राइडे पर 29 मार्च को कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। रिजर्व बैंक की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक गुड फ्राइडे के दिन त्रिपुरा, असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और श्रीनगर को छोड़कर सभी राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने दासू आतंकवादी हमले में मारे गए चीनी नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट की



**बीजिंग।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी 27 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चीनी कंपनी द्वारा निर्माण किए गए दासू हाइड्रोपावर स्टेशन परियोजना की गाड़ी पर हुए हमले में मारे गए चीनी नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास गए।

जरदारी ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान की जनता की ओर से आतंकवादी हमले में मारे गए 5 चीनी नागरिकों और मृतकों के परिजनों के प्रति के प्रति गहरा शोक जताया।

हमला इतना चौंकाने वाला था कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ, जैसे उन्होंने "अपने बच्चे को खो दिया हो।" उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ कदम उठाने का वादा करता है और आतंकवादियों को पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती को नष्ट करने और दोनों देशों के बीच शांति, समृद्धि और सुरक्षा के सामान्य लक्ष्यों को प्रभावित करने की अनुमति कभी नहीं देगा।

पाकिस्तान स्थित चीनी राजदूत च्यांग जाईतुंग ने कहा कि दासू परियोजना और अन्य चीन-पाकिस्तान सहयोग परियोजनाओं के निमार्ताओं ने पाकिस्तान के आर्थिक विकास और जन-जीवन में सुधार के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। उनके खिलाफ आतंकवादियों के आपराधिक हमले बिल्कुल अस्वीकार्य हैं। चीन चाहता है कि पाकिस्तान जांच में तेजी लाए आतंकवादियों को वह कीमत चुकानी चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। चीन पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना और चीन-पाकिस्तान मित्रता की सामाजिक नींव का विस्तार करना चाहता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल : उप चुनाव में सत्तारूढ़ गठबन्धन के चार दलों ने उतारा अपना-अपना उम्मीदवार

**काठमांडू।** नेपाल में एक संसदीय सीट के लिए होने वाले उप चुनाव में सत्तारूढ़ गठबन्धन से जुडे. दलों ने अपना अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है।

2 मई को इलाम में होने जा रहे प्रतिनिधि सभा के उप चुनाव के लिए सत्तारूढ़ गठबन्धन में आबद्ध नेकपा एमाले, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, एकीकृत समाजवादी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है जबकि माओवादी ने अगले एक दो दिन में अपना उम्मीदवार घोषित करेगा। नेपाल में नया राजनीतिक समीकरण बनाते समय गठबन्धन की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारने की बात कही गई थी। एकीकृत समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष माधव नेपाल ने कहा कि उनकी पार्टी को यह सीट देने की बात तय थी लेकिन गठबन्धन में बिना बात किए ही केपी शर्मा ओली ने अपनी पार्टी का उम्मीदवार खड़ा कर दिया। माधव नेपाल ने प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड पर भी गठबन्धन धर्म नहीं निभाने का आरोप लगाया है।

नेकपा एमाले ने इलाम निर्वाचन क्षेत्र से सुहांग नेम्बांग को चुनावी मैदान में उतारा है। इलाम सीट सुहांग के पिता सुवास नेम्बांग की मौत के बाद खाली हुई है। सुवास नेम्बांग पूर्व संविधान सभा अध्यक्ष भी रहे और पिछले राष्ट्रपति चुनाव में वो एमाले की तरफ से प्रत्याशी भी रहे। एमाले ने सुवास के बेटे को टिकट देकर सिम्पैथी वोट बटोरने की योजना में है। पहले माओवादी पार्टी ने भी एमालो उम्मीदवार सुहांग को ही समर्थन करने का फैसला किया था लेकिन दो दिन बाद ही अपने फैसले से पलटते हुए अपना भी उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया है।

सत्तारूढ़ गठबन्धन में रहे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इलाम से मिलन लिम्बू को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पेशे से पत्रकार लिम्बू पहले माओवादी पार्टी से जुड़े थे लेकिन हाल ही में माओवादी निकट पत्रकार संगठन से इस्तीफा देकर उन्होंने पहले स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा की। बाद में गुरुवार को उन्होंने स्वतंत्र पार्टी का दामन थामते हुए पार्टी की आधिकारिक टिकट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। उधर, नेपाली कांग्रेस की तरफ से पिछली चुनाव में उम्मीदवार रहे डम्बर बहादुर खड्का को ही टिकट दिया है। पिछले चुनाव में खड्का महज 114 वोट के अंतर से ही पराजित हुए थे। उनका दावा है कि इस बार क्षेत्र की जनता उन्हें चयन कर सेवा का मौका अवश्य देगी।

# अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा मानने के लिए अमेरिका की चीनी सेना ने की आलोचना

**बीजिंग।** चीन की सेना ने अमेरिका के उस बयान की आलोचना की है जिसमें कहा था कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। चीनी सेना ने कहा कि बातचीत एवं परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे से ठीक से निपटने के लिए भारत और चीन के पास परिपक्व तंत्र, संवाद माध्यम, क्षमता और इच्छा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि अपने लाभ के लिए दो देशों के बीच विवाद भड़काने का अमेरिका का इतिहास रहा है। वह अमेरिका के उस हालिया बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे जिसमें कहा गया था कि वाशिंगटन अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है। वू कियान ने कहा कि सीमा मुद्दों पर चीन और भारत के बीच परिपक्व तंत्र और संवाद चैनल हैं। दोनों पक्षों के पास बातचीत और परामर्श के जरिए सीमा मुद्दे को ठीक से संभालने की क्षमता और इच्छा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने नौ मार्च को कहा था, अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के माध्यम से क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकपक्षीय प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं।

वू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के क्षेत्रीय दावों को बार-बार खारिज किया है और कहा है कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है।

# उत्तराखंड : सचिन तेंदुलकर ने पंतनगर में किया ल्यूमिनस सोलर पैनल मेन्यूफैक्करिंग प्लांट का उद्घाटन

**रुद्रपुर (उधम सिंह नगर),।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर आज उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के पंतनगर पहुंचे। सचिन ने यहां औद्योगिक एरिया सिडकुल में ल्यूमिनस सोलर पैनल मेन्यूफैक्करिंग प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान सचिन ने कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों से बातचीत कर उन्होंने कंपनी के उत्पादों की जानकारी ली।

इस दौरान सचिन तेंदुलकर के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। कार्यक्रम के बाद सचिन तेंदुलकर रामनगर रवाना हो गए। जानकारी के मुताबिक सचिन कुछ दिन कुमाऊं का भ्रमण करेंगे।



# देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 6.7 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार फरवरी में सालाना आधार पर 6.7 फीसदी रही है। हालांकि, इससे पिछले महीने जनवरी के संशोधित 4.1 फीसदी के मुकाबले बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अधिक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि उर्वरक जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी महीने में सालाना आधार पर 6.7 फीसदी रही। हालांकि, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी के मुकाबले अधिक है, जो 4.1 फीसदी थी। दिसंबर 2023 में यह 4.9 फीसदी की दर से बढ़ी थी जबकि फरवरी, 2023 में वृद्धि दर 7.4 फीसदी रही थी।

मंत्रालय के मुताबिक फरवरी, 2024 में कोयला, प्राकृतिक गैस, सीमेंट, स्टील, कच्चे तेल, बिजली और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इस तरह कुल मिलाकर इन क्षेत्रों की उत्पादन में वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी में घटकर 7.7 फीसदी रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.2 फीसदी थी। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आई है।

## भारत ने नेपाल के आग्रह पर बिजली व्यापार समझौते को दी तीन महीने की मंजूरी

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल की तरफ से बिजली व्यापार समझौते को नवीनीकरण करने के लिए किए गए आग्रह पर तीन महीने की स्वीकृति दे दी है। नेपाल-भारत के बीच पांच साल के लिए हुए बिजली आयात समझौता के लिए हर वर्ष नवीनीकरण करना पड़ता है लेकिन इस बार भारत की तरफ से तीन महीने के लिए ही नवीनीकरण किया गया है।

नेपाल विद्युत प्राधिकरण के प्रवक्ता चन्दन घोष ने बताया कि आज ही भारत के एनर्जी एक्सचेंज बोर्ड की तरफ से प्राधिकरण को बताया गया कि तीन महीने के लिए बिजली आयात समझौते की स्वीकृति दे दी गई है। घोष ने यह भी कहा है कि अप्रैल से जून तक भारत की तरफ से नेपाल को 554 मेगावाट बिजली आयात करने की स्वीकृति दी गई है। 500 मेगावाट बिजली का ढल्केबर मुजफ्फरपुर प्रसारण लाइन से आयात किया जाएगा, जबकि बाकी 54 मेगावाट बिजली टनकपुर प्रसारण लाइन से आयात होगी।

नेपाल-भारत के बीच पांच साल के लिए हुए बिजली आयात समझौता के लिए हर वर्ष नवीनीकरण करना पड़ता है लेकिन इस बार भारत की तरफ से तीन महीने के लिए ही नवीनीकरण किया गया है। इस समय भारत से कम से कम 650 मेगावाट बिजली आयात हो रहा है। इसमें भी करीब 100 मेगावाट की बिजली कटौती करते हुए नवीनीकरण किया गया है।

## बीआरआई मामले में बैकफुट पर नेपाल, चीनी दूतावास ने भेजा डिप्लोमैटिक नोट

**काठमांडू।** चीन को अपनी महत्वाकांक्षी योजना बेल्ट ऐंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन समझौता पर नेपाल का हस्ताक्षर न करना नागवार गुजरा है। नेपाल के विदेशमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ को चीन भ्रमण पर बुलाने के बावजूद निराशा हाथ लगने पर चीन ने नाराजगी व्यक्त की है।

चीन भ्रमण पर रहे विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के अगले दिन काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल के विदेश मंत्रालय को डिप्लोमैटिक नोट भेज कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। डिप्लोमैटिक नोट में पोखरा विमानस्थल के निर्माण में बकाया ऋण देने के लिए दबाव बनाया गया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि चीन ने बाकी ऋण तत्काल लौटाने का दबाव बनाया है।

विदेश सचिव सेवा लम्साल ने डिप्लोमैटिक नोट मिलने की बात स्वीकार की है लेकिन उसके विवरण पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। चीन ने स्पष्ट कहा है कि पोखरा विमानस्थल पर दिए गए ऋण के ब्याज में कोई कमी नहीं की जाएगी। नेपाल कई बार ब्याज में कमी करने का आग्रह कर चुका है। इतना ही नहीं, नेपाल सरकार आधिकारिक तौर पर पोखरा विमानस्थल को बीआरआई का प्रोजेक्ट मानने से इनकार करती रही है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से कांपी धरती




**काबुल।** अफगानिस्तान में आज (गुरुवार) सुबह स्थानीय समयानुसार 5:44 बजे रिक्टर पैमाने पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी नई दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। फिलहाल जनहानि के नुकसान की सूचना नहीं है।

भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एक्स हैंडल पर अफगानिस्तान में आए ताजा भूकंप का ब्यौरा साझा किया है। उल्लेखनीय है कि भूकंप के लिहाज अफगानिस्तान बेहद संवेदनशील है। अफगानिस्तान में पिछले साल अक्टूबर में आए तूफान से भारी तबाही हो चुकी है। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई थी। इस भूकंप ने 2053 से ज्यादा लोगों को पलक झपकते ही मौत की नींद सुला दिया था।

## उत्तर कोरिया के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के प्रस्ताव पर रूस ने किया वीटो

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव पर वीटो कर दिया जिससे संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों द्वारा उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंधों की निगरानी अप्रभावी हो गई। अमेरिका द्वारा प्रायोजित सुरक्षा परिषद के इस प्रस्ताव के जरिए संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की एक समिति के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ाया जाना था लेकिन रूस के वीटो से अब इसका संचालन रुक जाएगा। 15 सदस्यीय परिषद में इसके पक्ष में 13 मत पड़े जबकि रूस ने विरोध में वोट किया और चीन अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया कि पश्चिमी देश उत्तर कोरिया का गला घोंटने की कोशिश कर रहे हैं और उसके परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने में प्रतिबंध अप्रासंगिक साबित हुए हैं।

## चीन और हॉलैंड को पारस्परिक खुलेपन का विस्तार जारी रखना चाहिए : ली छ्यांग



**बीजिंग।** चीनी प्रधान मंत्री ली छ्यांग ने 27 मार्च की दोपहर के बाद पेइचिंग में चीन की कार्य यात्रा कर रहे हॉलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट के साथ वार्ता की। ली छ्यांग ने कहा कि चीन और हॉलैंड दोनों मुक्त व्यापार पर कायम रहते हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को पारस्परिक खुलेपन का विस्तार जारी रखना और व्यावहारिक सहयोग मजबूत करना चाहिए। यह द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए लाभदायक है और दोनों देशों की जनता के मूल हितों में है और यह विश्व में अधिक स्थिरता व निश्चितता पर भी असर डालेगा।ली छ्यांग ने कहा कि चीन बाजारीकरण, कानूनीकरण और अंतर्राष्ट्रीयकरण वाले पहले स्तर के व्यापार वातावरण का निर्माण बरकरार रखेगा और चीन में अधिकतर हॉलैंड के उद्यमों के निवेश का स्वागत करता है। हम अधिक चीनी उद्यमों को हॉलैंड में निवेश करने का प्रोत्साहन भी करते हैं ।

ली छ्यांग ने यह भी कहा कि सहयोग चीन यूरोप संबंध की मुख्यधारा होनी चाहिए। चीन यूरोपीय पक्ष का चीन के विशाल बाजार को साझा करने का स्वागत करता है और यूरोपीय पक्ष से सावधानी से सीमित व्यापार नीति प्रस्तुत करेगा । रूट ने कहा कि लंबे समय से हॉलैंड और चीन के खुले व व्यावहारिक सहयोग वाली सर्वांगीण साझेदारी में भारी उपलब्धियां हासिल की गयी हैं। हॉलैंड चीन के साथ पारस्परिक लाभ वाले सहयोग का विस्तार करना, सांस्कृतिक आदान प्रदान गहराना और मिलकर जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटना चाहता है।